बागेश्वर धाम एवं मेहंदीपुर बालाजी के चरणों में समर्पित
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# संस्कार उजाला

सच का हुंकार

sanskarujala@gmail.com
संस्थापक स्व० सुखराम शर्मा एवम शिवकुमार शर्मा, श्री प्रकाशवीर

संस्कार उजाला
हिन्दी समाचार पत्र को आवश्यकता है विज्ञापन एंव खबर लाने वाले स्टाफ की। सम्पर्क करें
मो0-9456278011

गाजियाबाद से प्रकाशित, दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, हरियाणा, सहारनपुर, मेरठ, मुरादाबाद, बरेली, हापुड, बुलंदशहर, मथुरा आगरा, इटावा, कानपुर एंव लखनऊ से प्रसारित

वर्ष : 11 अंक : 93 | मंगलवार 25 जुलाई 2023 गाजियाबाद | RNI No-UPHIN / 2013 / 50466 | पेज: 8 मूल्य : 2 रुपया

## विधानसभा चुनाव से पहले तेलंगाना सरकार का बड़ा दांव, अल्पसंख्यकों को मिलेंगे एक लाख रुपये

**विधानसभा चुनाव से पहले तेलंगाना सरकार ने बड़ा दांव चला है। राज्य सरकार अल्पसंख्यक परिवारों को एक लाख रुपये की आर्थिक मदद देने जा रही है। सीएम केसीआर ने इसे मील का पत्थर बताया है।**

**हैदराबाद।** तेलंगाना में विधानसभा चुनाव और 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले केसीआर सरकार ने अल्पसंख्यकों के लिए बड़ा ऐलान किया है। सीएम के चंद्रशेखर राव ने अल्पसंख्यकों के लिए शत प्रतिशत सब्सिडी के साथ एक लाख रुपये की आर्थिक मदद देने का ऐलान किया है। हालांकि भाजपा ने इस फैसले पर सवाल उठाते हुए इसे तुष्टीकरण का नाम दिया है।



**कितनी आय वालों को मिलेगा फायदा**

तेलंगाना सरकार के मुताबिक अल्पसंख्यकों के हर परिवार को एक लाख रुपये की वित्तीय सहायता दी जाएगी। यह रकम कभी वापस नहीं करनी होगी। हालांकि इस योजना का फायदा उठाने के लिए परिवार की शहरी क्षेत्र में सालाना आय 2 लाख और ग्रामीण क्षेत्र में 1.5 लाख से कम होनी चाहिए। इसका लाभ मुस्लिम, ईसाई, सिख, बौद्ध और पारसी उठा सकते हैं। इसके आलावा आयु सीमा 2 जून 2023 को 21 वर्ष से 55 वर्ष के बीच होनी चाहिए।

अभी इस योजना के लिए बजट का आवंटन और कुल लाभार्थियों की संख्या के साथ राज्य सरकार पर आने वाले बोझ की गणना बाकी है। राज्य सरकार में अल्पसंख्यक मंत्रालय के सचिवसैयद उमस जलील की तरफ से ये ऐलान किए गए हैं। सरकार की तरफ से कहा गया है कि योग्यता और क्रीइटीरिया को लेकर भी पूरा दिशानिर्देश जल्द ही जारी किया जाएगा।

**चरणबद्ध तरीके से लागू होगी योजना**

जानकारी के मुताबिक तेलंगाना सरकार चरणबद्ध तरीके से योजना का लाभ देगी। विधानसभा चुनाव से पहले सभी को इसका फायदा मिलना मुश्किल है। राजद्य में लगभग 52 फीसदी पिछड़ी जातियां हैं। 2011 की जनगणना के मुताबिक मुस्लिम 13 फीसदी, ईसाई 1.27 फीसदी, सिख और बौद्ध 0.09 फीसदी और जैन 0.08 फीसदी हैं। केसीआर ने कहा कि यह योजना लोगों को वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी।

**तेलंगाना सरकार के मुताबिक अल्पसंख्यकों के हर परिवार को एक लाख रुपये की वित्तीय सहायता दी जाएगी। यह रकम कभी वापस नहीं करनी होगी।**

उन्होंने कहा कि तेलंगाना अल्पसंख्यकों की देखभाल के नजरिए से पूरे देश के लिए मिसाल है। तेलंगाना के सीएम ने कहा कि सरकार अल्पसंख्यकों के लिए यह योजना लागू करके गरीबी खत्म करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि इससे लोगों को नए रोजगार शुरू करने और शिक्षा में मदद मिलेगी। सरकार सभी संस्कृतियों और परंपराओं की रक्षा के लिए काम कर रही है ताकि गंगा जमुनी तहजीब बची रहे।

### संघ के वरिष्ठ प्रचारक मदन दास देवी का बेंगलुरु में निधन, प्रधानमंत्री ने जताया शोक

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक मदन दास देवी का आज सुबह निधन हो गया। 81 वर्षीय मदन दास ने बेंगलुरु में अंतिम सांस ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है। संघ के प्रचार विभाग के अनुसार संघ के पूर्व सह सरकार्यवाह और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्व राष्ट्रीय संगठन मंत्री मदन दास देवी ने सुबह 5 बजे राष्ट्रोत्थाना हॉस्पिटल, राजराजेश्वरी नगर, बेंगलुरु में अंतिम सांस ली। उनके पार्थिव शरीर को अंतिम दर्शनों के लिए बेंगलुरु में संघ के प्रांत कार्यालय में दोपहर 1:30 बजे से शाम चार बजे तक रखा जाएगा। उनका अंतिम संस्कार पुणे (महाराष्ट्र) में कल सुबह 11 बजे होगा। शोक की इस घड़ी में प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट किया है- मदन दास देवी जी के देहावसान से अत्यंत दुख हुआ है। उन्होंने अपना पूरा जीवन राष्ट्रसेवा में समर्पित कर दिया। उनसे मेरा न सिर्फ घनिष्ठ जुड़ाव रहा, बल्कि हमेशा बहुत कुछ सीखने को मिला। शोक की इस घड़ी में ईश्वर सभी कार्यकर्ताओं और उनके परिवारजनों को संबल प्रदान करे। ओम शांति!

### मणिपुर में सुरक्षा बलों ने तीन कुकी उग्रवादी मार गिराए

**इंफाल।** सुरक्षा बलों ने दो दिन के कड़े संघर्ष में तीन संदिग्ध कुकी उग्रवादी मार गिराए। इस संघर्ष में एक अन्य महिला घायल हो गई। यह मुठभेड़ बिष्णुपुर जिले के फौगाकसाओ इखाई पुलिस थाने के तहत तोरबुंग इलाके में सुरक्षा बलों, ग्राम स्वयंसेवकों और कुकी उग्रवादियों के बीच हुई। इस दौरान भीषण गोलीबारी हुई। कुकी उग्रवादियों की गोली से रविवार रात घायल हुई महिला का इंफाल के राज मेडिसिटी में इलाज चल रहा है। घायल की पहचान क्वाक्ता वार्ड नंबर 1 के एक एमडीग्राफर की पत्नी 24 वर्षीय सेहनाज के रूप में हुई है।

### मुस्लिम बनेगी भारत की अंजू?

## पाकिस्तानी लवर नसरुल्लाह ने बताई आगे की प्लानिंग

**नई दिल्ली।** राजस्थान के भिवाड़ी से पाकिस्तान के ख़ैबर पख्तूनख़्वा पहुंची भारत की अंजू सुर्खियों में है। वजह है- 35 साल की अंजू को सोशल मीडिया पर 29 वर्षीय पाकिस्तानी शख्स नसरुल्लाह से प्यार हो गया। पाकिस्तान से भारत आई सीमा हैदर का केस इससे काफी मिलता-जुलता है। फर्क सिर्फ दो हैं। पहला अंजू वीजा से पाकिस्तान पहुंची है और दूसरा वह सीमा की तरह अपने बच्चों को लेकर नहीं आई। अंजू दो बच्चों और पति को भारत में ही छोड़ नसरुल्लाह से मिलने पाकिस्तान जा पहुंची है। बीबीसी की रिपोर्ट है कि अंजू इस वक्त नसरुल्लाह से सगाई करने पाकिस्तान आई है। फिर वापस भारत चली जाएगी। इस बीच नसरुल्लाह ने यह भी बताया कि अंजू शादी के बाद मुस्लिम धर्म अपनाएगी या हिन्दू बनी रहेगी? पाकिस्तान के कराची शहर से कुछ दूर एक गांव से अपने चार बच्चों को लेकर सीमा हैदर बिना वीजा के उस पार से इस पार आ गई। वह अपने प्यार सचिन मीणा के साथ नोएडा में रह रही है। हालांकि पुलिस और एटीएस समेत तमाम सुरक्षा एजेंसियां सीमा से कड़ी पूछताछ कर रहे हैं। सीमा पर आईएसआई जासूस होने का आरोप है। लोग सीमा हैदर को पाकिस्तान वापस भेजने की भी वकालत कर रहे हैं। अब हम बात करते हैं मूल रुप से उत्तर प्रदेश के कैलोर गांव की रहने वाली अंजू की। मीडिया रिपोर्ट्स हैं कि वह शादीशुदा हैं और दो बच्चों की मां है। कुछ साल पहले उन्हें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर नसरुल्लाह से प्यार हो गया था। दोनों ने एक होने का निश्चय किया और वैध तरीके से एक-दूसरे को अपनाएंगे।



## अजित पवार के नए दांव से तिलमिलाए शरद पवार और उद्धव ठाकरे, पर शिंदे गुट के विधायक गदगद क्यों?

**मुंबई।** महाराष्ट्र की राजनीति में शह-मात का खेल जारी है। अब उप मुख्यमंत्री अजित पवार ने वित्त मंत्रालय का कार्यभार संभालने के कुछ दिनों के अंदर ही ऐसा दांव चला है, जिससे चाचा शरद पवार और उनके समर्थक तिलमिला उठे हैं। भतीजे अजित पवार ने अपने साथ बगावत करने वाले एनसीपी विधायकों के निर्वाचन क्षेत्रों के लिए अधिक विकास निधि आवंटित करना शुरू कर दिया है। इतना ही नहीं जूनियर पवार ने शिवसेना (शिंदे) गुट के विधायकों को भी इसका फायदा पहुंचाया है। शिव सेना के उद्धव ठाकरे गुट और एनसीपी के शरद पवार गुट के विधायकों ने इस फंड आवंटन पर गड़बड़ी का दावा किया है। अजित पवार ने



अनुपूरक मांग प्रावधान के तहत 1,500 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं, जिनमें से अधिकांश एनसीपी और शिवसेना के बागी विधायकों के निर्वाचन क्षेत्रों में विकास परियोजनाओं को निधि देने के लिए खर्च किए जाएंगे। एनसीपी के बागी विधायकों और शिंदे गुट और भाजपा के विधायकों को 25 करोड़ रुपये और उससे अधिक की परियोजनाएं आवंटित की जा रही हैं। यह घटनाक्रम कई कारणों से दिलचस्प है। अजित पवार के करीबी विधायकों को इस विकास निधि का अधिक आवंटन शरद पवार गुट के वफादार विधायकों को अपने खेमे में लाने के लिए प्रोत्साहन के रूप में देखा जा रहा है। अजित के साथ एनसीपी के 53 में से करीब 40 विधायक बताए जा रहे हैं। फंड आवंटन पर शरद पवार गुट के राज्य एनसीपी प्रमुख जयंत पाटिल ने श्रज्ञ से कहा, मैं भी वित्त मंत्री था और मुझे आश्चर्य है कि अनुपूरक अनुदान का आंकड़ा इतनी बड़ी संख्या में पहुंच गया है। ऐसा लग रहा है कि जो कोई भी धन मांग रहा है, उसे आवंटित किया जा रहा है और सभी के सपने पूरे किये जा रहे हैं। गौरतलब है कि शरद पवार गुट के करीबी अन्य NCP विधायकों जैसे जितेंद्र अव्हाड को पूरक अनुदान में कोई धनराशि नहीं मिली है, जबकि जयंत पाटिल के निर्वाचन क्षेत्र - इस्लामपुर में परियोजनाओं के लिए धन आवंटित किया गया है।

## एटा में बड़ा हादसा, नहर में गिरी कार, परिवार के 4 समेत 5 लोगों की मौत

**एटा।** तबीयत खराब होने पर गंजडुंडवारा से एटा दिखाने आ रहे पांच लोगों से भरी स्विफ्ट कार नहर में गिर गई। इस हादसे में पांचों लोगों की मौत हो गई। मौत के बाद गांव भर में कोहराम मच गया। जनपद कासगंज के थाना गंजडुंडवारा के गांव अंडउआ निवासी नीरज की पत्नी विनीता को सांस लेने में तकलीफ हो रही थी। ऐसे में पास ही के गांव से शिवम की कार को मंगाया। कार में विनीता के पति नीरज, चचिया ससुर तेजेंद्र और चचिया सास संतोष को साथ लेकर एटा दिखाने के लिए आ रहे थे। कार ऑन घाट से आगे निकल पाई थी कि खारजा नहर में कार गिर गई। कुछ देर बाद भाई ने फोन कर जानकारी की तो सभी के मोबाइल बंद आ रहे थे। उस देर इंतजार के बाद परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की तो, कहीं पता नहीं चला तो इसकी सूचना पुलिस की दी।

आरोप है कि पुलिस ने घटना को गंभीरता से नहीं लिया। कहीं पता नहीं चला। सुबह 5 बजे कार नहर में पड़ी दिखाई दी। पास जाकर देखा तो 5 लोगों की मौत हो चुकी थी। सूचना पर पहुंची थाना कोतवाली देहात पुलिस ने 5 लोगों को निकालकर पोस्टमार्टम



के लिए भेज दिया। धनंजय कुशवाह ने बताया संभावना है कि गाड़ी रफ्तार तेज रही होगी। जिस स्थान पर हादसा हुआ है। वहां एक मोड़ है।

## यमुना का जलस्तर बढ़ने के बाद दिल्ली में हाई अलर्ट घोषित, मदद के लिए 60 टीमें तैयार

**नई दिल्ली।** दिल्ली में उफनती यमुना नदी ने एक बार फिर सरकार और दिल्लीवालों की टेंशन बढ़ा दी है। दिल्ली में सोमवार को सुबह 7 बजे ओल्ड यमुना ब्रिज पर जलस्तर 206.56 मीटर दर्ज किया गया जो रविवार रात 10 बजे 206.44 मीटर था। दिल्ली के बाढ़ एवं सिंचाई विभाग मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि यमुना के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए संबंधित विभागों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। उन्होंने कहा कि प्रशासन की टीमें अलग-अलग इलाके में नजर बनाए हुए हैं। यमुना नदी के जलस्तर का खतरे का निशान 205.33 मीटर पर है। उन्होंने रविवार को दिल्ली में बाढ़ की आशंका को देखते हुए तैयारियों का जायजा लिया। वह



वजीराबाद वाटर ट्रीटमेंट प्लांट भी गए, जो पिछ्ली बार बाढ़ का पानी भरने से बंद हो गया था। उन्होंने दावा है कि इस बार पानी बढ़ा तब भी प्लांट चलता रहेगा।

**यमुना का बहाव क्षेत्र छोटा होने से बिगड़ रहे हालात, जानें कौन जिम्मेदार?**

इस दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए सौरभ भारद्वाज ने बताया कि एक बार फिर से यमुना का जलस्तर बढ़ना शुरू हो गया है। इस वक्त यमुना का जलस्तर 206 मीटर पर है, जो कि खतरे के निशान से ऊपर है। उन्होंने कहा कि हथिनी कुंड बैराज से लगातार 2 लाख क्यूसेक से ज्यादा पानी छोड़ा जा रहा है, जिसके चलते जलस्तर बढ़ा है। इसे देखते हुए दिल्ली सरकार ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। उन इलाकों में भी नजर रखी जा रही है, जहां पिछ्ली बार पानी भर गया था। कुल 60 टीमें इसके लिए लगाई गई हैं। उन्होंने बताया कि पिछ्ली बार यह स्तर 208 मीटर के ऊपर तक गया था, जिस कारण वजीराबाद, ओखला, और चंद्रावल वाटर ट्रीटमेंट प्लांट बंद हो गए थे। इस बार ऐसा नहीं होगा।

**एक मीटर ऊपर बह रही यमुना :** शनिवार को यमुना का जलस्तर घटकर 205.09 मीटर तक आ गया था। उसके बाद हथिनीकुंड बैराज से लगातार छोड़े जा रहे लाखों क्यूसेक पानी के कारण रविवार तड़के चार बजे एक बार फिर यह खतरे के निशान को पार कर गया। यमुना खतरे के निशान से एक मीटर ऊपर बह रही है। केंद्रीय जल आयोग का कहना है कि अभी पानी बढ़ने का सिलसिला जारी रहेगा। रात एक से तीन बजे के बीच जलस्तर 206.70 मीटर तक पहुंच सकता है। हालांकि, राहत वाली खबर यह है कि रविवार देर शाम से हथिनीकुंड बैराज से छोड़े जा रहे पानी की मात्रा 40-45 हजार क्यूसेक रह गया है।

## कैसे सर्वे करता है एएसआई ? ज्ञानवापी केस में सच सामने लाने को इस्तेमाल होगी यह तकनीक

**वाराणसी।** वाराणसी कोर्ट ने ज्ञानवापी मस्जिद के सर्वे के पक्ष में फैसला सुनाते हुए एएसआई को सर्वे के लिए मंजूरी दे दी है। सोमवार से ही परिसर का सर्वे शुरू हो जाएगा। लंबे समय से हिंदू पक्ष ज्ञानवापी परिसर के सर्वे की मांग कर रहा था। हिंदू पक्ष का दावा है कि मंदिर को तोड़कर मस्जिद का निर्माण किया गया था और हिंदू धर्म से संबंधित साक्ष्य अब भी वहां मौजूद हैं। फिलहाल लोगों के मन में यह सवाल भी है कि एएसआई यानी भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग किस तरह से यह सर्वे करता है और इसमें किस तकनीक का इस्तेमाल किया जाता है।

**किसके अधीन काम करता है एएसआई**

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग संस्कृति मंत्रालय के अंतरगत काम करता है। इसका काम देश की सांस्कृतिक धरोहरों का रखरखाव और अनुसंधान करना है। देश की पुरानी इमारतों का जिम्मा एएसआई को ही दे दिया गया है। 1861 के इसकी स्थापना के बाद से ही विभाग धरोहरों को सहेजने में पूरा योगदान दे रहा है। 1958 के संस्कमारक एवं पुरातत्वीय स्थल अवशेष कानून के तहत यह संबंधित मामलों के रेग्युलेशन का भी काम करता है।



**सर्वे में किस तकनीक का इस्तेमाल**

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण सच सामने लाने की कोशिश करता है। यह पुरानी इमारतों में ग्राउंड पेनेट्रेटिंग रडार और अन्य आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करके पता लगाने की कोशिश करता है कि यहां मौजूदा समय से पहले क्या हुआ करता था। ज्ञानवापी केस में भी एएसआई ग्राउंड पेनेट्रेटिंग रडार का इस्तेमाल करेगा। इसके अलावा एएसआई की एक टीम आगे और पीछे सीधी रेखाओं में चलकर पता लगाएगी कि दीवार या नींव में क्या दबा है, कलाकृतियां कैसी हैं, मिट्टी का रंग कैसा है। क्या इसमें कोई परिवर्तन हुआ है। सभी साक्ष्यों को सहेजने के बाद एएसआई रिपोर्ट तैयार करता है। इसमें समय के साथ हुए बदलावों का भी जिक्र किया जाता है। एएसआई के सर्वे पर संस्कृति मंत्रालय की नजर रहती है। इसके अलावा कोर्ट के आदेश पर किए जाने वाले सर्वे की निगरानी कोर्ट भी करता है। बता दें कि एएसआई सर्वे की इजाजत विवादित स्थल को छोड़कर बाकी परिसर के लिए दी गई है। यह सर्वे वजूखाने के अलावा सील इलाके में होगा। वाराणसी की कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष की विरोध करने वाली याचिका को खारिज कर दिया था। एएसआई 4 अगस्त को सर्वे की रिपोर्ट कोर्ट को सौंपेगा।

# जीतेगा भारत, विपक्षी गठबंधन को इंडिया नाम मिला



विनोद तकियावाला

**लोकसभा की कुल 543 सीटों में से बाकी की 173 सीटों पर वह सहयोगी दलों के उम्मींदवार को समर्थन दे सकती है।अगर ऐसा हुआ तो यह पिछले पांच लोक सभाचुनाव (1999, 2004, 2009, 2014 और 2019)में पहली बार होगा जब कांग्रेस 400 से कम सीटों पर चुनाव लड़ेगी।जिसके कारण भारतीय राजनीति की पैनी नजर रखने राजनीतिज्ञ पंडितओं की चित्ता बढ गई है।उनका मानना कि विश्व के बड़े लोकतंत्र भारत में जिस तरह से क्षेत्रीय व छोटे राजनीतिक दलों का ना केवल उदय हुआ है,ब्लकि वे अवसर मिलते ही अपनी स्वार्थ सिद्धि व सता के लोलुपता वश राष्ट्रीय राजनीति दलो को अपनी उंगलीयों पर नचाते है। वह ना केवल भारत राजनीति व प्रजातंत्र के प्रवल समर्थक के लिए खतरे की घंटी है।खैर अभी इस संदर्भ में कुछ कहना जल्द बाजी होगा।**

भारतीय राजनीति में घटने वाली घटनाओं की चर्चा आजकल भारत में ही नही वरन सम्पूर्ण विश्व राजनीति के मनीषीयों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर रहा है।चाहे वह प्रधान मंत्री का विदेशी दौरा रहा हो या पं. बंगाल में पंचायत चुनावी हिंसा या मणिपुर की दिल दहला देने वाली हिसा की घटना हो इन घटनाओं में एक घटना विपक्षी एकता को लेकर विगत दिनों कनार्टक में काँग्रेस पार्टी की अगुवाई में26 राजनीतिक दलों की बैठक है! आप को बता दें कि यह विपक्षी दलों की दुसरी बैठक थी।इसके पूर्व विपक्षी पार्टी की गठवन्धन की पहली बैठक बिहार की ऐतिहासिक राजधानी पटना में बिहार के मुख्य मंत्री नीतीश कुमार व लालु यादव के नेतृत्व हुई थी। जिसमें18 राजनीतिक दलों नें शिरकत किया था। विपक्षी एकता को लेकर सतापक्ष-विपक्ष में आये दिनों काफी नोक झोक व टीका टिप्पणी देखने को मिलता रहता है।केंद्र में सतारूढ़ भाजपा के अगुवाई एन डी ए की सरकार इस बैठक के खतरे को भाँपते हुए आनन फानन मे अगले दिनों देश की राजधानी दिल्ली में 38 दलों के कुनबों के शाथ बैठक की। इस 38 दलो में एन डी ए पुराने साथी नही दिखे,नये कुनवे कई राजनीतिक दल ऐसे शामिल थे जिसकी मत प्रतिशत की बात तो दुर थी,इस पार्टी ना कोई विधायक या सांसद बनें हैं। इस बैठक की अहमियत इस बात से चलता है कि इस बैठक में प्रधान सेवक के द्वारा ना अपनी उपस्थिति दर्ज कराई ब्लकि अपनी चिर परिचितअंदाज में विरोधी दलों के नाते गठबन्धन को सता प्राप्ति के लिए मजबुरी का बन्धन बताया। अपने कुनबे में सभी राजनीति दलों के लिए दरवाजे खुले रहने का भरोसा दिलाया भले ही उन पर या उनकी पार्टी के किसी नेताओ कितने भष्टाचार के कितने भीआरोप लगा हो।जिसकी झलक आये दिनों देखते को मिलते रहते है। एन डी ए की इस बैठक में देशवासियों को यह भरसक भरोसा दिलाने का प्रयास किया कि भाजपा व एन डी ए ही 5 राज्यों केआगामी विधान सभा व अगले वर्ष 24 में होने वाले लोक सभा चुनाव में विजय होगी।भारत का विकाश मोदी के नेतृत्व में सम्भव है।

जीतेगा भारत जिसकी चर्चा चहुँ दिशाओ हो रही है।आप के मन कई सवाल व शंका उत्पन्न हो रहे होगें ' भारत की ड़ंका आप किस देश - किस क्षेत्र में बजने वाली है। मै यहाँ पर स्पष्ट करना चाहुँगा कि आज मै भारत का अपने किसी विदेशी प्रतिदुन्दी टीम से खेल में या किसी अन्तराष्ट्रीय क्षेत्र में विशिष्ट उपलब्धियों पर नही है। बल्कि भारत में दो राजनीतिक दलों के मध्य आगामी वर्ष 2024 मे लोकसभा आम चुनाव में सता पक्ष विपक्ष के मध्य राजनीतिक क्रिकेट पिच पर उतरने के कमर कसने की है। इस संदर्भ में भाजपा के नेतृत्व में एन डी ए व कांग्रेस के कुशल नेतृत्व में आई एन डी आई ए में चुनावी की रणनीति बनाने पर गहन चित्तन मंथन शुरू कर दिया है। आज हम इस पर विस्तार से चर्चा करत है।

विपक्षी एकता के गठबंधन की बैठक में आईएनडीआई ए (INDIA)नाम काफी विचार विर्मश के बाद दिया गया है। 'जीतेगा भारत' को अपनी टैगलाइन बनाया है। इसी टैगलाइन का अलग-अलग भाषाओं में ट्रांसलेशन भी किया जाएगा। आप को बता दे कि इस बैठक में विपक्षी पार्टियों के गठबंधन का नाम पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के द्वारा INDIA रखने का प्रस्ताव रखा था। सुत्रों के अनुसार इस बैठक में शामिल हुए विदुथलाई चिरुथिगल काची (VCK)पार्टी के चीफ थोल तिरुमावलवन के हवाले से बताया कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इस नाम पर सहमत नहीं थे, क्योंकि INDIA में NDA के लेटर्स भी आते हैं। तो वही दुसरी ओर कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि राहुल गांधी ने बैठक के दौरान बताया कि I.N.D.I.A नाम क्यों रखा जाना चाहिए।

विपक्षी दलों की इस मैराथन मींटिग के दौरान कई नेताओं ने महसूस किया था कि गठबंधन के नाम में भारत भी होना चाहिए। इसके बाद इसे टैगलाइन में शामिल किया गया। कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने कहा है कि भाजपा इंडिया नाम पर बेवजह विवाद पैदा कर रही है। भाजपा ने खुद मेक इन इंडिया और शाइनिंग इंडिया जैसी स्कीम निकाली हैं।आप सांसद राघव चड्ढा ने कहा है कि अब चुनाव NDA बनाम INDIA होंगे और इनमें INDIA की जीत होगी। विपक्ष की इस महत्वपूर्ण बैठक में ममता बनर्जी और सोनिया गांधी एक-दूसरे के बगल में बैठी थीं। जुलाई 2021 के बाद ये उनकी दूसरी मुलाकात थी। विपक्षी गठबन्धन का नाम रखने से पूर्व सभी विपक्षी नेताओं से इस पर सुझाव मांगे गए थे। बिहार के मुख्य मंत्री नीतीश कुमार शुरूआत में इस नाम से सहमत नहीं थे,लेकिन सभी की सहमति के बाद उन्होंने भी आई एन डी आई(INDIA) नाम को स्वीकार कर लिया।लेकिन मीटिंग के बाद हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में नीतीश शामिल नहीं हुए थे। इसके पीछे खराब मौसम की प्रिडिक्शन के चलते नीतीश जल्दी चले गए थे,क्योंकि उन्हें एक अन्य बैठक में शामिल होना था। हालांकि उनकी नाराजगी की खबरें भी आ रही हैं।इस पर काँग्रेस पार्टी के अध्यक्ष खड़गे ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि हम सरकार की नाकामियों को उजाकर करें। मैं खुश हुँ कि राहुल,ममता सब सहमत हैं। 2024 में साथ लड़ेंगे और अच्छे परिणाम लाएंगे। यहाँ पर आप के मन में प्रशन उठना स्वाभाविक है कि विपक्षी पार्टी के नाम का अर्थ क्या है। आप मै ज्यादा परेशान ना करते हुए बता दे कि विपक्षी दलों के गठबंधन का नाम I.N.D.I.A की फुल फॉर्म इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस है। जिसकी घोषणा कांग्रेसअध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि आपस में समन्वय स्थापित करने के लिए 11सदस्यों की एक कमेटी और दिल्ली में एक कार्यालय जल्द बनाया जाएगा। जिसकी घोषणा मुंबई में होने वाली हमारी अगली बैठक में होगी। खड़गे ने कहा कि भाजपा ने अपने स्वार्थ के लिए लोकतंत्र की सभी एजेंसियों ईडी,सी बी आई आदि को नष्ट कर दिया है। हमारे बीच राजनीतिक भेद हैं,लेकिन हम देश को बचाने के लिए एक साथ आए हैं। इससे पहले हम पटना में मिले थे,जहाँ16 पार्टियां मौजूद थीं।आज की बैठक में 26 पार्टियों ने हिस्सा लिया।इसमें अखिलेश यादव के साथ उनके चाचा शिवपाल यादव,आरजें डी सुप्रीमो लालू यादव के साथ डी राजा, सीताराम येचुरी,राहुल गाँधी, सोनिया गाँधी और ममता बनर्जी नें अपनी भुमिका निभाई। 8नए दलों को मिलाकर 26 पार्टियों के नेता आए। सर्वविदित रहे कि इस बार विपक्षी कुनबे को और मजबूत करने के लिए 8 और दलों को न्योता भेजा गया था। इनमें मरूमलारची द्रविड़ मुनेत्र कड़गम एम डी एम के ,कोंगु देसा मक्कल काची के एम डी के, विदुथलाई चिरुथिगल काची (VCK),रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी(RSP),ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक,इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग,केरल कांग्रेस(जोसेफ)और केरल कांग्रेस(मणि)ने हामी भरी। इन नई पार्टियों में से के डी एम के और एम डी एम के 2014 के लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा के साथ थीं। दबी जुबान से चर्चा हो रही है कि देश की सता पर इतने समय पर राज्य करने वाली कांग्रेस पार्टी के भविष्य क्या होगा।इस पर सुत्रो के हवाले से कहा जा रहा है कि कांग्रेस आगामी लोकसभा चुनाव में 370 सीटों पर ही चुनाव लड़ेगी।बाकी सीटों पर सहयोगी दलों को समर्थन दे सकती है। लोकसभा की कुल 543 सीटों में से बाकी की 173 सीटों पर वह सहयोगी दलों के उम्मींदवार को समर्थन दे सकती है।अगर ऐसा हुआ तो यह पिछले पांच लोक सभाचुनाव (1999, 2004, 2009, 2014 और 2019)में पहली बार होगा जब कांग्रेस 400 से कम सीटों पर चुनाव लड़ेगी।जिसके कारण भारतीय राजनीति की पैनी नजर रखने राजनीतिज्ञ पंडितओं की चित्ता बढ गई है।उनका मानना कि विश्व के बड़े लोकतंत्र भारत में जिस तरह से क्षेत्रीय व छोटे राजनीतिक दलों का ना केवल उदय हुआ है,ब्लकि वे अवसर मिलते ही अपनी स्वार्थ सिद्धि व सता के लोलुपता वश राष्ट्रीय राजनीति दलो को अपनी उंगलीयों पर नचाते है। वह ना केवल भारत राजनीति व प्रजातंत्र के प्रवल समर्थक के लिए खतरे की घंटी है।खैर अभी इस संदर्भ में कुछ कहना जल्द बाजी होगा।




## संपादकीय

# त्वरित फैसले जरूरी


यह हमारे नीति-नियंताओं के लिये बेहद गंभीर चिंता का विषय होना चाहिए कि देश की विभिन्न अदालतों में लंबित मुकदमों की संख्या पांच करोड़ का आंकड़ा पार कर गई है। केंद्र सरकार द्वारा गुरुवार को राज्यसभा में बताया गया कि शीर्ष अदालत में सत्तर हजार, उच्च न्यायालयों में साठ लाख से अधिक तथा जिला और अधीनस्थ अदालतों में 4.4 करोड़ से अधिक मामले लंबित हैं। निस्संदेह, लंबित मामलों में वृद्धि के अनेक कारण हैं। जिनमें न्यायाधीशों और न्यायिक अधिकारियों की अपर्याप्त संख्या, मामलों के निपटान के लिये निर्धारित समय सीमा का अभाव, बार-बार स्थगन और सुनवाई मामलों की निगरानी व ट्रैक करने के लिये प्रभावी व्यवस्था की कमी प्रमुख हैं। इसके बावजूद इन मुकदमों के लंबित होने के मुख्य कारण को भी तलाशना जरूरी है ताकि न्याय की राह सुगम हो। विगत में पूर्व मुख्य न्यायाधीश एन.वी. रमना ने देश की अदालतों में मुकदमों की लंबी फेहरिस्त के लिये विधायी कर्मियों के साथ-साथ कार्यपालिका की निष्क्रियता को भी दोषी ठहराया था। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2019 में पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने देश की विभिन्न अदालतों में पचास फीसदी से अधिक लंबित मुकदमों के लिये राज्य मशीनरी की चूक या लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया था। वहीं दूसरी ओर केंद्र सरकार की दलील है कि अदालतों में लंबित मामलों का निस्तारण न्यायपालिका का कार्यक्षेत्र है। बहरहाल, तार्किक बात तो यह है कि सभी पक्षों को मिलकर मुकदमों का भारी-भरकम बोझ दूर करने के लिये दृढ़ इच्छाशक्ति का परिचय देना चाहिए। निस्संदेह, सरकारों के स्तर पर भी नियुक्तियों को लेकर की जाने वाली देरी को भी बड़ी बाधा के तौर पर देखा जाता रहा है। इसमें दो राय नहीं कि न्यायाधीशों की रिक्तियों को भरने में होने वाली देरी से न्याय की राह में बाधा उत्पन्न होती है। यह भी हकीकत है कि उच्च न्यायपालिका में न्यायाधीशों की नियुक्ति कार्यपालिका और न्यायपालिका के सहयोग से चलने वाली प्रक्रिया है। भारतीय लोकतंत्र के इन दोनों महत्वपूर्ण घटकों को यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि न्यायाधीशों के स्वीकृत पदों और सेवारत न्यायाधीशों के अंतर को अविलंब दूर किया जाये। साथ ही अनुशंसित नामों को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया से जुड़े मतभेदों का समय रहते निराकरण किया जाये। वहीं दूसरी ओर जांच एजेंसियों की कार्यशैली को लेकर भी सवाल उठते रहे हैं। जांच एजेंसियों और अभियोजन पक्ष की ओर से शिथिलता और अक्षमता के सवाल पर ध्यान देने की जरूरत है। वहीं एक पहल विधायिका के स्तर पर भी अपेक्षित है कि ऐसे पुराने कानूनों को केंद्र व राज्य स्तर पर खत्म करने की पहल की जाये जो छोटे मुकदमों को बढ़ावा देने में भूमिका निभाते हैं।

## चिंतन-मनन

# उपयोगी हल

एक बार की बात है एक राजा था। उसका एक बड़ा-सा राज्य था।एक दिन उसे देश घूमने का विचार आया और उसने देश भ्रमण की योजना बनाई और घूमने निकल पड़ा। जब वह यात्रा से लौट कर अपने महल आया। उसने अपने मंत्रियों से पैरों में दर्द होने की शिकायत की। राजा का कहना था कि मार्ग में जो कंकड़ पत्थर थे वे मेरे पैरों में चुभ गए और इसके लिए कुछ इंतजाम करना चाहिए। कुछ देर विचार करने के बाद उसने अपने सैनिकों व मंत्रियों को आदेश दिया कि देश की संपूर्ण सड़कें चमड़े से ढंक दी जाएं। राजा का ऐसा आदेश सुनकर सब सकते में आ गए। लेकिन किसी ने भी मना करने की हिम्मत नहीं दिखाई। यह तो निश्चित ही था कि इस काम के लिए बहुत सारे रुपए की जरूरत थी। लेकिन फिर भी किसी ने कुछ नहीं कहा। कुछ देर बाद राजा के एक बुद्धिमान मंत्री ने एक युक्ति निकाली। उसने राजा के पास जाकर डरते हुए कहा कि मैं आपको एक सुझाव देना चाहता हूँ। अगर आप इतने रुपयों को अनावश्यक रूप से बर्बाद न करना चाहें तो एक अच्छी तरकीब मेरे पास है। जिससे आपका काम भी हो जाएगा और अनावश्यक रुपयों की बबार्दी भी बच जाएगी। राजा आश्चर्यचकित था क्योंकि पहली बार किसी ने उसकी आज्ञा न मानने की बात कही थी। उसने कहा बताओ क्या सुझाव है। मंत्री ने कहा कि पूरे देश की सड़कों को चमड़े से ढंकने के बजाय आप चमड़े के एक टुकड़े का उपयोग कर अपने पैरों को ही क्यों नहीं ढंक लेते। राजा ने अचरज की दृष्टि से मंत्री को देखा और उसके सुझाव को मानते हुए अपने लिए जूता बनवाने का आदेश दे दिया। यह कहानी हमें एक महत्वपूर्ण पाठ सिखाती है कि हमेशा ऐसे हल के बारे में सोचना चाहिए जो ज्यादा उपयोगी हो। जल्दबाजी में अप्रायोगिक हल सोचना बुद्धिमानी नहीं है। दूसरों के साथ बातचीत से भी अच्छे हल निकाले जा सकते हैं।

# मठ मंदिरों के दान से चलेंगी अब गौशालायें




सनत जैन




मध्य प्रदेश सरकार,गौशालाओं के लिए पर्याप्त धन उपलब्ध नहीं करा पा रही है। कई गौशालाओं को तीन-तीन महीने तक अनुदान नहीं मिलता है। कई गौशालाओं को 3 साल में एक बार, कई गौशालाओं को साल में 1 बार ही आर्थिक सहायता दी जा रही हैं। जिसके कारण मध्यप्रदेश के गौशालाओं की आर्थिक स्थिति बड़ी खराब है। गायों को ना तो पर्याप्त चारा मिल पाता है। नाही बीमार होने पर उनका कोई उपचार किया जा सकता है। जिसके कारण समय-समय पर बड़ी मात्रा में गायों के मरने की भी सूचना प्राप्त होती है। जुलाई माह में मंदिरों को लेकर दो बड़े संवाद हो रहे हैं। दोनों में सरकार की नजर मंदिर मठों मैं होने वाली आय पर लगी हुई है। बनारस में सभी हिंदू मंदिरों के व्यवस्थापकों को बुलाया गया है। इस कार्यक्रम का नेतृत्व संघ प्रमुख मोहन भागवत कर रहे हैं। वहीं मध्य प्रदेश गौ संवर्धन बोर्ड के प्रबंध संचालक ने मध्य प्रदेश के सभी जिलों के कलेक्टर को पत्र लिखकर प्रारूप में जानकारी मांगी है। कलेक्टरों से जो जानकारी मांगी गई है। उसमें संबंधित मठ और मंदिर की संस्था का नाम, व्यवस्थापक का नाम, कौन संचालन कर रहा है। ट्रस्ट और समिति सदस्यों की जानकारी, संस्था के पास उपलब्ध जमीन,अथवा भवन, मठ और मंदिर की वार्षिक आय का ब्यौरा कलेक्टर के माध्यम से माँगा गया है।

प्राप्त सूचना के अनुसार मुख्यमंत्री गौ-सेवा योजना से प्रदेश भर में गौशालाओं का संचालन किया जायगा। प्रत्येक गौशाला को प्रति गोवंश के अनुसार तय राशि दिए जाने की व्यवस्था वर्तमान में है। गौशालाओं को उनकी गायों की क्षमता के अनुसार प्रतिमाह राशि नहीं दी जा रही है। जिससे आर्थिक संकट के कारण गौशालाओं की स्थिति बहुत खराब है। यह अकेले मध्यप्रदेश की स्थिति नहीं है। लगभग सभी राज्यों में गौशालाओं को लेकर यही स्थिति देखने को मिलती है। गौशालाओं को अब मंदिर और मठों से जोड़कर, उनके संचालन में होने वाले खर्च के लिए,मंदिर और मठों को जिम्मेदारी देने पर सरकार सोच रही है। बनारस में भी मंदिर प्रमुखों का महाकुंभ चल रहा है। उसके पीछे भी मंदिरों और मठ में जो आय होती है। उनकी जो संपत्ति है। उस को किस तरह से सरकार उपयोग में ला सकती है। सरकार के पास अभी तक जो जानकारी एकत्रित हुई है। उसके अनुसार राष्ट्रीय स्तर पर मंदिरों में 3।28 लाख करोड़ रूपए की वार्षिक आय होती है। सरकार इस आय के माध्यम से गरीबों को निशुल्क या रियायती दर पर खाना, गौशालाओं के संचालन, शिक्षा संस्थानों और स्वास्थ्य के क्षेत्र में मंदिरों की आय का सामान रूपी बटवारा हो। धार्मिक पर्यटन की संभावनाओं को बढ़ाकर मंदिरों की आय में वृद्धि करने जैसी कई योजनाएं केंद्र सरकार बना रही है। भारत के सभी तीर्थ क्षेत्र और महत्वपूर्ण मंदिरों को अंतरराष्ट्रीय स्तर के मानदंडों पर तैयार करके,धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने की योजना केंद्र सरकार की है। राज्य सरकारों, विशेष रुप से भाजपा शासित राज्य सरकारों में धार्मिक स्थलों को लेकर सक्रियता बढ़ गई है। भाजपा हिंदुत्व की पार्टी है। ऐसी स्थिति में भाजपा मंदिरों के सहारे राजनीति के क्षेत्र में और आम जनता से जुड़ने के लिए मठ और मंदिरों का उपयोग करने की रणनीति पर काम करती हुई नजर आ रही है। साधु संतों द्वारा पूर्व में कई बार इसका विरोध भी किया गया है। मठ और मंदिरों में सरकारी हस्तक्षेप लगातार बढ़ता जा रहा है। मंदिरों की जमीनों पर अवैध कब्जे हो रहे हैं। मंदिरों के ट्रस्ट में राजनेता और सरकारी अधिकारियों को सर्वो-सर्वा बनाया जा रहा है। इसका विरोध लगातार पंडे पुजारी और मंदिरों के व्यवस्थापक कर रहे हैं। केंद्र एवं राज्य सरकारें इस समय बड़े कर्ज संकट से जूझ रही हैं। पिछले एक दशक में टैक्स राज्य और केंद्र सरकार द्वारा काफी बढ़ा दिए गए हैं। टैक्स बढ़ाने की गुंजाइश अब लगभग लगभग खत्म हो चली है। ऐसी स्थिति में सरकार का ध्यान अब मंदिरों की संपत्ति और उनकी आय पर चला गया है। इसकी परिणति किस रूप मे सामने आएगी। इसको लेकर हिंदू धर्म के आचार्यों तथा साधु-संतों के बीच अटकलों का दौर चल पड़ा है। बहरहाल, मध्यप्रदेश में गौशाला संचालन की जिम्मेदारी जल्द ही मंदिरों के अधीन की जाएगी। इस बात के स्पष्ट संकेत मिलना शुरू हो गए हैं।

# मुद्दा : यादों में रह जाएंगी छावनियां



रणधीर तेजा चौधरी




आने वाले दिनों में देश की छावनियों का स्वरूप सिरे से बदल जाने वाला है। हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले स्थित योल छावनी से यह शुरूआत हो चुकी है। योल छावनी को अब सैन्य अड्डे और असैन्य इलाके में बांटा जाएगा।

असैन्य इलाके का स्थानीय नगर पालिका में विलय कर दिया जाएगा। रक्षा मंत्रालय द्वारा इस बाबत जारी अधिसूचना के बाद हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल ने छावनी बोर्ड योल के सिविल एरिया को धर्मशाला विकास खंड की पंचायतों में विलीन करने का आदेश दिया है।

देश की सभी छावनियों का स्वरूप इसी प्रकार बदला जाना है। छावनी क्षेत्र के लिए बजट रक्षा मंत्रालय के रक्षा संपदा विभाग से आता है। बजट का एक हिस्सा असैन्य इलाकों पर खर्च होने से सैन्य इलाके को लगता है कि उसे जरूरत के मुताबिक बजट नहीं मिल पाता। सैन्य और असैन्य इलाकों के बीच बुनियादी सुविधाओं को लेकर भी खींचतान जैसी स्थिति रहती है। इसलिए नागरिक इलाकों को छावनी क्षेत्र से अलग करने की मांग लंबे समय से की जा रही थी। 2019 में हिमाचल प्रदेश के छावनी क्षेत्र के लोगों ने सेना के दबाव से मुक्त करने की मांग करते हुए जोरदार आंदोलन भी चलाया था। उनका कहना था कि अपने मकानों में मरम्मत तक के लिए सैन्य अधिकारियों से मंजूरी लेनी होती है। पानी की आपूर्ति में जब-तब बाधित कर दी जाती है। गौरतलब है कि छावनियां औपनिवेशिक संरचनाएं हैं। योल कस्बे की स्थापना 1849 में हुई थी और यंग ऑफिसर्स लिविंग का संक्षिप्तीकरण है योल। पहले विश्व युद्ध के बाद यहां युद्धबंदियों को रखा जाता था। अलबत्ता, योल छावनी की विधिवत स्थापना 1942 में हुई थी। अब छावनी क्षेत्रों को स्थायी रूप से सैन्य और नागरिक क्षेत्रों में बांटे जाने के फैसले की शुरूआत योल छावनी से कर दी गई है।

किसी छावनी क्षेत्र से आप गुजर रहे हों तो यह नहीं बता सकते कि वह कौन से शहर की छावनी है। सभी में गजब की एकरूपता है। पूरे दिन पीटी, परेड, क्लब कल्चर, खिलाड़ियों के मैदानों में जुटान आदि हर कैंट में दिखलाई पड़ता है। देश के हर प्रांत-क्षेत्र के लोग छावनी में रहते हैं। तमाम छावनियों का भूगोल एक जैसा होता है। हरियाली से ढंका। सुरक्षा का आलम यह कि छोटे बच्चे भी आसपास के बाजार और स्कूलों के मैदान में दिन के किसी भी पहर चहलकदमी कर आते हैं। पेड़ों पर चढ़कर उछल-कूद मचाने, 'चोर-सिपाही' खेल खेलने, रास्ते में कहीं भी मिल जाने वाले पेड़ या झाड़ से आम या बेर तोड़ लेने जैसे नजारे यहां आम होते हैं। गुलाब की सोंधी सी खुशबू चहुंओर बिखरी रहती है। लोगों में सामाजिकता भी गजब की होती है। एक दूसरे की चिंता करने वाली। छावनियां अंग्रेजों की देन हैं। देश में 62 छावनियां हैं। आजादी के समय 56 छावनियां थीं, और 1947 के बाद छह और छावनियां अधिसूचित की गई। इस क्रम में 1962 में अजमेर अंतिम 62वीं छावनी बनी। पहली छावनी बंगाल के बैरेकपुर 1765 में हुगली नदी के किनारे बसाई गई। इसे फ्रेंच के खिलाफ सतर्क रहने के मद्देनजर बसाया गया था। दरअसल, फ्रेंच ने हुगली नदी के दूसरी तरफ चंद्रनागोर (अब चंदननगर) को जीत कर वहां अपने सैनिकों को जमावड़ा कर लिया था। उसके जवाब में अंग्रेजों ने हुगली नदी के दूसरी तरफ छावनी आबाद की। बाद के समय में उन्होंने आगरा, रानीखेत, कसौली में अपने कब्जे में आए क्षेत्रों में छावनियां बसानी शुरू कर दीं। ब्रिटिशकाल में छावनियों का अपना अलग रुतबा था। ब्रिटिशराज समाप्त होने के बाद भी छावनियां बनी रहीं। यहां सैनिकों के फैमिली क्वॉटर लाइन और बैरकें होती हैं। व्यवस्थित और उम्दा बाजार, स्कूल, स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ। वाडरे में बंटे छावनी क्षेत्र से निर्वाचित वार्ड सदस्य छावनी क्षेत्र संबंधी फैसले लेते हैं, लेकिन बोर्ड का प्रशासक सैनिक अधिकारी होता है।

हाल के समय में रास्तों और सड़कों पर चलने के अधिकार को लेकर मसला उभरा। आतंकवाद के बाद से सैन्य क्षेत्रों की कुछ सड़कों पर आम आवाजाही प्रतिबंधित करने से नागरिक आबादी को परेशानी हुई। हालांकि 2018 में सरकार ने छावनी क्षेत्रों की सड़कों को सार्वजनिक उपयोग के लिए खोल दिया था। सैन्य क्षेत्र में रहने वाले पूर्व सैनिक अफसर चाहते हैं कि सड़कों को आम लोगों के लिए न खोला जाए क्योंकि इससे सुरक्षा को खतरा पैदा हो जाएगा। पिछले वर्ष सकिंदराबाद छावनी में सेना ने एक सड़क पर आम आवाजाही रोकी गई थी। सड़क का इस्तेमाल करने वाले साढ़े तीन लाख से ज्यादा सिविलियंस को वैकल्पिक मार्ग का इस्तेमाल करना पड़ा और सड़कों पर भीड़भाड़ और अफरातफरी फैल गई। लोगों ने इस रोक के विरोध में कैंडल मार्च निकाला। इस मांग के साथ कि ब्लॉक की गई सड़क को जनता के लिए खोला जाए।

संस्कार उजाला

# हर जरूरतमंद का मिले पक्के आवास की सुविधा : सीएम

**जनता दर्शन में 500 लोगों की समस्याएं सुनीं, निस्तारण के लिए अफसरों को दिए निर्देश, सभी की समस्याओं का होगा समयबद्ध व पारदर्शी निस्तारण**







**संवाददाता**

**गोरखपुर ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जिन भी जरूरतमंदों को अभी पक्का मकान नहीं मिल पाया है, उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना या मुख्यमंत्री आवास योजना के दायरे में लाकर पक्के आवास की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। राजस्व व पुलिस से संबंधित मामलों में प्रभावी कार्रवाई हो। साथ ही जमीन पर अवैध कब्जा करने वालों को कड़ा कानूनी सबक सिखाया जाए। अधिकारी जन कल्याण के कार्यों को सदैव प्राथमिकता पर रखें और हर पीड़ित की समस्या का त्वरित निस्तारण करना सुनिश्चित करें। सीएम योगी ने उक्त निर्देश सोमवार को गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्याएं सुनते हुए दिए। मंदिर परिसर स्थित महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक खुद पहुंचे। सबकी समस्याओं को सुनते हुए आश्वस्त किया हर समस्या का समयबद्ध, पारदर्शी व संतुष्टिपरक निस्तारण किया जाएगा। जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने करीब 500 लोगों की समस्याएं सुनीं। इसमें बड़ी संख्या महिलाओं की रही। इस दौरान देवरिया से आई एक महिला ने आवास की समस्या बताई। इस पर मुख्यमंत्री ने तुरंत मंडलायुक्त को निर्देशित किया कि महिला की समस्या को संवेदनशीलता से देखें। महिला को प्रधानमंत्री आवास योजना या मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास उपलब्ध कराया जाए। जमीन कब्जा करने की शिकायतों पर उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में कड़ी कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे लोगों को सीएम ने भरोसा दिलाया कि पैसे के अभाव में किसी इलाज नहीं रुकने पाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस्टीमेट की प्रक्रिया को प्राथमिकता पर पूर्ण कराकर शासन को उपलब्ध कराएं। शासन से इलाज में भरपूर आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। जनता दर्शन में अपने परिजनों के साथ आए बच्चों को दुलारकर मुख्यमंत्री ने उन्हें आशीर्वाद देते हुए चॉकलेट दिया। बच्चों से उनकी पढ़ाई के बारे में पूछा और खूब पढ़ने के लिए प्रेरित भी किया।

## यूपी में रेव पार्टी में हो रही ड्रग्स सप्लाई: एसटीएफ ने युवती समेत 4 सप्लायर पकड़े



**लखनऊ।** यूपी में युवाओं पर ड्रग्स का नशा सिर चढ़कर बोल रहा है। 24 जून को सुशांत गोल्फ सिटी के एक फ्लैट में नाबालिग लड़के-लड़कियों को रेव पार्टी करते हुए पकड़ा गया था। ऐसे ही युवाओं को रेव पार्टी के लिए मादक पादार्थ और ड्रग्स सप्लाई करने वाली एक युवती समेत चार लोगों को यूपी एसटीएफ ने गिरफ्तार किया है। इनके पास से 6.57 लाख रुपए नकद और कार बरामद हुई है। यह लोग होटल, फार्म हाउस, घरों और मांग के हिसाब से माल पहुंचाते थे। एसटीएफ इस गिरोह के मुख्य सप्लायर और उससे जुड़े अन्य लोगों की तलाश में छापेमारी कर रही है। STF ने मुखबिर की सूचना पर मनकामेश्वर मंदिर के पीछे रहने वाली स्वस्तिका के साथ उसके साथी लखनऊ तेज कुमार प्लाजा निवासी तरून अवस्थी, कैसरबाग कोतवाली के पीछे रहने वाले पंकज सोनकर और गोमतीनगर विराजखंड निवासी अजमल को पकड़ा है। यह लोग गोमतीनगर स्थित होटल एसवीजी गेस्ट इन में ड्रग्स की सप्लाई करने के लिए पहुंचे थे। एसटीएफ की टीम इन लोगों की विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर 16 जुलाई को एक वीडियो और कुछ फोटो वायरल होने पर सक्रिय हुई थी। इसमें कुछ लड़के और एक लड़की किसी रूम में बैठकर नोटों की गिनती कर रहे हैं तथा नजदीक में ही शराब की बोतलें और हुक्का रखा हुआ है। एसटीएफ की पूछताछ में पकंज सोनकर ने बताया, आर्यन नाम का युवक मोबाइल फोन से विभिन्न एप्लिकेशन के माध्यम से इंटरनेशनल स्तर पर अवैध मादक पदार्थ एवं ड्रग्स की खरीद फरोख्त करते थे। इसके समान की डिलीवरी हम लोग करते थे। 16 जुलाई को आर्यन और लकी ने होटल राजधानी में कमरा नंबर 104 बुक कराया था। जहां हम लोगों ने नशे की बिक्री के पैसों की गिनती की और हुक्का/शराब की पार्टी की। इसका आर्यन ने इंस्टाग्राम एवं सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया था। आर्यन ने सात लाख रुपए एवं मोबाइल फोन हम लोगों को देकर कहा कि तुम लोग कहीं बाहर चले जाओ और मौज करों। तभी से हम लोग इन्हीं पैसों से जगह बदल-बदलकर इधर-ऊधर छिपकर रहते है। एसटीएफ की जांच में सामने आया है कि यह गिरोह सोशल मीडिया के माध्यम से विदेशी ड्रग्स पैडलर्स से जुड़ा है। आर्यन और लकी जिसे मोबाइल एप और अवैध कॉल सेंटर के माध्यम से यूपी में संचालित करते हैं। इल्हें वर्चुअल आईडी से एक निश्चित सर्वर पर चलाते हैं। जिसमें यूएस के ड्रग्स तस्कर ऑर्डर लेते-देते हैं।

# सावन के तीसरे सोमवार पर भी शिवभक्तों पर योगी सरकार ने कराई पुष्पवर्षा

**बाराबंकी के लोधेश्वर महादेव मंदिर और अयोध्या में सरयूतट पर हुई पुष्पवर्षा**





**संवाददाता**

**लखनऊ ।** सावन में प्रदेश में शिवभक्त कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा का क्रम तीसरे सोमवार को भी जारी रहा। सावन के पिछले दो सोमवार को जहां काशी, मेरठ और सहारनपुर में पुष्पवर्षा की गई वहीं तीसरे सोमवार को रामनगर, बाराबंकी स्थित लोधेश्वर महादेव मंदिर में हेलीकॉप्टर द्वारा कांवरियों पर पुष्प वर्षा की गई। इसके अलावा अयोध्या में भी सरयूतट पर शिवभक्तों पर योगी सरकार ने पुष्पवर्षा कराई है।

बता दें कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर पिछले 6 साल से प्रदेश में शिवभक्तों का बिल्कुल खास तरीके से सम्मान किया जा रहा है। सरकार की ओर से ना सिर्फ कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा की जा रही है, बल्कि उनकी सुविधाओं का भी विशेष ध्यान रखा जा रहा है।

खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मेरठ-दिल्ली हाईवे पर कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा कर चुके हैं, जिसके बाद से ही प्रदेश में शिवभक्तों का उत्साह देखने लायक है। वहीं प्रशासनिक अधिकारी भी जगह जगह शिवभक्तों का सम्मान कर रहे हैं। प्रदेश के सभी बड़े शिवालयों में कांवड़ियों की सुरक्षा और सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। उत्तर प्रदेश में मौजूद एकमात्र ज्योतिर्लिंग मंदिर श्रीकाशी विश्वनाथ धाम में शिवभक्तों की सुरक्षा और सुविधाओं की मॉनीटरिंग खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से की जा रही है।

# यमुना एक्सप्रेस वे पर चलती बस में लगी आग

**आगरा ।** यमुना एक्सप्रेस वे पर सुबह एक टूरिस्ट बस में आग लग गई। आग लगने से यात्रियों में हड़-कंप मच गया। आनन फानन में यात्रियों को नीचे उतारा गया। बस में रखा सामान जल गया है। यमुना एक्सप्रेस वे पर नोएडा की ओर से एक टूरिस्ट बस आ रही थी। सुबह करीब साढे. 9 बजे खंदौली टोल पार करने के बाद अचानक बस का टायर फट गया। इससे बस के पिछले टायर में आग लग गई। आग



लगने की जानकारी पर चालक ने बस को साइड में रोका। यात्रियों में चीख पुकार मच गई। आनन-फानन में सभी यात्रियों को बस से उतारा गया। बस श्री वासु बस सर्विस की है। ये बस दिल्ली से आ रही थी। बस की छत पर भारी मात्रा में यात्रियों का सामान लदा है। पुलिस को सूचना दी गई है। बस में आग लगने के चलते राहगीरों की भीड़ लग गई है। पुलिस ने बताया कि बस दिल्ली से गोरखपुर होते हुए बिहार के सिवान में जा रही थी। बस में 40 यात्री सवार थे। आग लगने का कारण पता नहीं चला है। बस की छत पर लदा सामान जल गया है। हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ है।

## संक्षिप्त डायरी

### दौड़ने निकले 5 को कार ने कुचला, 3 की मौत:अलीगढ़ में सेना की तैयारी कर रहे थे युवा, परिजनों का रो-रोकर हुआ बुरा हाल

**अलीगढ़ ।** गोंडा थाना क्षेत्र में सुबह सेना की तैयारी करने वाले 5 युवाओं को कार ने कुचल दिया। पांचों युवा सेना भर्ती की तैयारी कर रहे थे और दौड़ बनाने के लिए आपस में रेस कर रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रही तेज रफ़्तार कार ने उन्हें कुचल दिया। कार की टक्कर के कारण पांचों युवा गंभीर रूप से घायल हो गए और सड़क बेहोश होकर गिर गए। वहां से गुजरने वाले ग्रामीणों ने इसी सूचना तत्काल पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की सहायता से घायलों को तत्काल अस्पताल भेजा, जहां इलाज के दौरान 3 की मौत हो गई। वहीं दो का इलाज जारी है। गोंडा के नयावास निवासी पांच युवा विकास, वीकेस, जितेंद्र, अभिषेक और मोहित पांचों दोस्त थे। यह हर दिन सुबह दौड़ लगाने के लिए निकलते थे और आपस में रेस करते थे। सोमवार सुबह भी 5 बजे यह दौड़ लगाने के लिए ही निकले थे। वह नहर के किनारे-किनारे दौड़ रहे थे। पांचों युवा नयावास नहर के पास संतोष ढ़ाबे के पास पहुंचे थे कि पीछे से आ रही स्विफ्ट डिजायर कार ने उन्हें टक्कर मारी और कुचलते हुए आगे निकल गई। जिसमें विकास (18) पुत्र सुरेश मालन, वीकेस (16) पुत्र उदयवीर सिंह और जितेंद्र (17) पुत्र विनोद कुमार की मौत हो गई। वहीं अभिषेक पुत्र हीरालाल और मोहित पुत्र राजू की हालत गंभीर है। घटना की जानकारी मिलने पर सभी के परिवार जन मौके पर पहुंच गए। उनके साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए और रास्ते पर जाम लग गए। लोगों ने पुलिस से तत्काल कार्रवाई और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। जिसके बाद उन्हें कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। वहीं तीनों मृतकों के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। युवाओं को रौंदने के बाद आरोपी कार चालक मौके से गाड़ी लेकर फरार हो गया। जिसके बाद पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है और आसपास के सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है। पुलिस ने अन्य थानों को भी सूचित कर दिया है। सीओ इगलास डॉ कृष्ण गोपाल सिंह ने बताया कि पांचों घायलों को अस्पताल भेजा गया था, जिसमें से 3 की मौत हो गई है। मृतकों का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है और आरोपी कार चालक की पहचान के लिए कार्रवाई जारी है। जल्दी ही आरोपी पुलिस की हिरासत में होगा।

### मेरठ में 3 बच्चों की मां की हत्या:गले पर मिले निशान, सामूहिक दुष्कर्म की आशंका



**मेरठ।** इंचौली थाना क्षेत्र में एक महिला की संदिग्ध हालत में जंगल में लाश मिली है। महिला के गले पर निशान मिले हैं। गले पर दुपट्टा लिपटा हुआ था, जिसमें गांठ लगी थी। शव को देखकर ऐसा लग रहा है मानो गला घोंटकर मारा गया है। सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं महिला के शरीर पर चोटों के निशान मिले हैं। सामूहिक दुष्कर्म की आशंका भी जताई जा रही है। फोरेंसिक टीम ने मौके से जांच पड़ताल कर नमूने लिए है। माना जा रहा है कि किसी ने दुपट्टे से गला घोटकर हत्या कर दी इसके बाद जंगल में शव छोड़ दिया है। इंचोली थाना क्षेत्र में रविवार सुबह अनुसूचित जाति की महिला अपने खेतों पर काम करने के लिए निकली थी। पति उससे पहले खेत पर जा चुका था। दोपहर तक खेतों पर नहीं पहुंचने पर पति घर आया और बच्चों से पूछताछ की तो बताया कि मम्मी तो अभी खेत से लौटी नहीं। सुबह 6:00 बजे ही घर से निकल गई थी। परिजनों, ग्रामीणों ने मिलकर महिला की तलाश की। दोपहर 1.30 बजे घर से करीब 500 मीटर की दूरी पर मुख्य रास्ते से करीब 50 मीटर अंदर ईंख के खेत में महिला का शव पड़ा मिला। महिला के गले में दुपट्टे से फंदा लगा हुआ था। चेहरे, हाथों पर चोट के निशान थे। सूचना पर इंचोली थाना पुलिस मौके पर पहुंची। और परिजनों से पूछताछ की। वही फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल की जांच की। सूचना पर सीओ सदर देहात देवेश सिंह मौके पर पहुंचे। परिजनों द्वारा इंचोली थाने में अज्ञात के खिलाफ हत्या वह सामूहिक दुष्कर्म की आशंका की तहरीर दी गई है। ग्रामीणों के मुताबिक महिला का पति मजदूरी करता है वह अपनी कुछ खेती भी है। बेटा एक जगह लेदर की बॉल बनाने का काम करता है।

# वृहत्तर भारत के कंकड़-कंकड़ में भगवान शंकर: सीएम योगी

**● मानसरोवर मंदिर में श्री शिव महापुराण कथा के विश्राम दिवस पर बोले गोरक्षपीठाधीश्वर ● भगवान भोलेनाथ के पवित्र स्थल आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक एकता के जागरण केंद्र : मुख्यमंत्री ● शिव की आराधना से मिलती है दूसरों के कल्याण की प्रेरणा : सीएम योगी**









संवाददाता

गोरखपुर । मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वृहत्तर भारत में उत्तर से दक्षिण तथा पूरब से पश्चिम तक श्रद्धालुओं को द्वादश ज्योतिलिंगों के माध्यम से अलौकिक कृपा का प्रसाद आदिकाल से प्राप्त होता रहा है। भारतीय मनीषा के माध्यम से हम कंकड़-कंकड़ में भगवान शंकर के दर्शन करते हैं। शिव की आराधना से हमें स्वयं के साथ दूसरों के कल्याण की प्रेरणा मिलती है। सीएम योगी सोमवार को गोरखनाथ मंदिर के सानिध्य में अंधियारी बाग स्थित मानसरोवर मंदिर में आयोजित सप्त दिवसीय (18 से 24 जुलाई) श्री शिव महापुराण कथा के विश्राम दिवस पर व्यासपीठ के समक्ष अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। व्यासपीठ की पूजा करने के बाद उन्होंने कहा कि पावन श्रावण मास के शुक्ल पक्ष में देवाधिदेव महादेव भगवान शिव की कथा का आनंद प्राप्त होना सौभाग्य है। वृहत्तर भारत में कैलाश से रामेश्वरम तक, पूरब में वैद्यनाथ धाम से लेकर पश्चिम में सोमनाथ धाम तक भगवान भोलेनाथ के पवित्र स्थल प्राचीन काल से आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक एकता के जागरण के केंद्र रहे हैं। श्रद्धालु नदियों व तीर्थों से शिला लाकर शंकर के रूप में पूजते हैं और आत्मिक संतुष्टि प्राप्त करते हैं। शिवालय और ज्योतिर्लिंग सांस्कृतिक एकता को मजबूत करते हैं। मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने कहा कि शिव का अर्थ ही है कल्याण। जिसमें कपट न हो, प्रपंच न हो, साधना में लीन होकर जो स्वयं व समाज के लिए कल्याणकारी हो, वही शिव का उपासक है। दूसरे के कष्टों को अपने ऊपर ले लेना, दूसरों को अमृत देकर स्वयं विषपान कर लेना ही शिवत्व है। इसलिए स्वयं के कल्याण के साथ दूसरों का कल्याण करना ही वास्तविक शिव पूजन होगा। सीएम योगी ने कहा कि हम जिसकी पूजा करते हैं, उसके अनुरूप बनने का प्रयास करते हैं। भगवान शिव की पूजा में जाति, क्षेत्र, लिंग का भेद नहीं होता है। मनुष्य के साथ ही मनुष्येतर जीवों यथा देव, किन्नर, यक्ष, गंधर्व, भूत पिशाच को भी भोलेनाथ का



सानिध्य प्राप्त होता था। हम जिस भाव से पूजा करेंगे, उसी के अनुसार कृपा भी प्राप्त होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सावन माह में भगवान शिव की उपासना का विशिष्ट अवसर कांवड़ यात्रा सांस्कृतिक व सामाजिक एकता का अप्रतिम उदाहरण है। इसमें हर तबके के युवा, महिला व पुरुष भक्ति में लीन दिखते हैं, श्रद्धा के साथ भोलेनाथ का जलाभिषेक करते हैं। यह ईश्वरीय भक्ति का चमत्कारिक रूप है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी लोगों से धर्मस्थलों, सरकारी व सार्वजनिक संपत्ति के संरक्षण की अपील की। मानसरोवर मंदिर का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि 10-11 वर्ष पूर्व यह मंदिर जर्जर और अव्यवस्थित था। समाज की चेतना जागृत हुई और गोरखपुर के श्रद्धालुओं ने संरक्षण का बीड़ा उठाया तो इसका कायाकल्प हो गया। हर धर्मस्थल, सरकारी व सार्वजनिक संपत्ति को सुंदर रखना सबका कर्तव्य होना चाहिए। यदि किसी सार्वजनिक संपत्ति को कोई नुकसान पहुंचाता है तो वह धरती माता, अपनी विरासत व पूर्वजों के प्रति श्रद्धा और कृतज्ञता का भाव ईमानदारी से व्यक्त नहीं कर सकता। इसलिए इन स्थलों को न खुद नुकसान पहुंचाएं और न किसी को नुकसान पहुंचाने दें। सीएम योगी ने कथाव्यास संत बालकदास एवं सभी यजमानों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए देवाधिदेव महादेव से सभी लोगों के सुखमय व समृद्धमय जीवन की प्रार्थना की।

इस अवसर पर महापौर डॉ मंगलेश श्रीवास्तव, विधायक विपिन सिंह, एमएलसी डॉ धर्मेंद्र सिंह, कालीबाड़ी के महंत रविंद्रदास, चचाईराम मठ के महंत पंचानन पुरी, भाजपा के महानगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता, पार्षद पवन त्रिपाठी समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। श्री शिव महापुराण कथा के समापन में सहभागिता से पूर्व गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने मानसरोवर मंदिर में रुद्राभिषेक कर सभी नागरिकों के मंगलमय जीवन की कामना की। भोलेनाथ का विधि विधान से दर्शन, पूजन व रुद्राभिषेक करने के उपरांत मुख्यमंत्री ने सभी देव विग्रहों का दर्शन पूजन कर लोक कल्याण की प्रार्थना की।

## यातायात पुलिस कांस्टेबल बिना रसीद दिए दक्षिण कोरियाई नागरिक से पैसे लेने के मामले में निलंबित

**नई दिल्ली।** दिल्ली यातायात पुलिस के एक कांस्टेबल द्वारा विदेशी नागरिक से बिना रसीद दिये पैसे लेने का वीडियो सार्वजनिक होने के बाद उसे निलंबित कर दिया गया है। वीडियो में कांस्टेबल को कथित तौर पर एक दक्षिण कोरियाई नागरिक से यातायात नियमों के उल्लंघन को लेकर बिना रसीद दिये पांच हजार रुपये लेते हुए दिखाया गया। यातायात पुलिस कांस्टेबल महेश चंद पर आरोप है कि उसने कोरियाई नागरिक को पैसे की कोई रसीद नहीं दी। ट्रैफिक पुलिस ने एक ट्वीट में कहा, सोशल मीडिया पोस्ट पर संज्ञान लेते हुए, वीडियो में दिख रहे संबंधित अधिकारी को जांच लंबित रहने तक निलंबित कर दिया गया है। दिल्ली पुलिस की भ्रष्टाचार के प्रति कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति है।



## एक बॉयफ्रेंड के चक्कर में दो महिलाओं के बीच जमकर मारपीट, युवक पहुंचा तो करने लगीं खींचतान; दांत से भी काटा

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में बॉयफ्रेंड को लेकर अफ्रीकी मूल की दो महिलाओं में जमकर मारपीट हो गई। दोनों ने एक-दूसरे को दांत से काटा और थप्पड़ भी चले जिसमें एक महिला के हाथ से खून भी बह गया। यह घटना ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर कोतवाली क्षेत्र स्थित एलिस्टोनिया अपार्टमेंट सोसायटी की है। मामला पुलिस तक पहुंचने पर दोनों महिलाओं ने समझौता कर लिया।



**एक ही युवक से बात करती थीं दोनों महिलाएं**

जांच में पता चला है कि दोनों महिलाएं एक ही युवक से बात करती थीं। दोनों युवक को अपना-अपना बॉयफ्रेंड बता रही थीं। इसी बात को लेकर दोनों में मारपीट हो गई। दरअसल रात युवक सोसायटी में एक महिला से मिलने पहुंचा था तभी वहां दूसरी आ धमकी। दोनों महिलाएं युवक को अपनी-अपनी तरफ घसीट कर ले जाने लगी। मौके पर लोगों की भीड़ एकत्र हो गई।

## दिल्ली में अनोखी चोरी: चोरों को कीमती सामान नहीं मिला तो घर में रख गए 500 रुपये का नोट

**दिल्ली।** रोहिणी सेक्टर आठ स्थित घर में चोरी करने गए गैंग को जब चोरी लायक कुछ नहीं मिला तो वह वहां पर 500 रुपये का नोट रखकर चले गए। मकान मालिक जब वापस लौटा तो उन्होंने नार्थ रोहिणी थाना पुलिस को इसकी शिकायत की। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि नार्थ रोहिणी थाना पुलिस को जानकारी मिली थी कि रोहिणी सेक्टर आठ स्थित घर में चोरी कर ली गई है। बुजुर्ग ने पुलिस को बताया कि वह पत्नी के साथ गुरुग्राम में रह रहे उनके बेटे के पास गए थे। शुक्रवार सुबह उन्हें पड़ोसी ने फोन कर बताया कि घर में चोरी हो गई है। जब वह घर पहुंचे तो देखा कि घर के मुख्य द्वार का ताला टूटा हुआ था। अंदर से कोई सामान चोरी नहीं था। लेकिन दरवाजे के पास उन्हें 500 का नोट पड़ा मिला। अब पुलिस मानकर चल रही है कि यह नोट चोरी करने आए लोग छोड़कर गए। फिलहाल पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर पता लगाने की कोशिश कर रही है कि कौन उनके घर की ओर आया था। बता दें कि पिछले महीने भी एक ऐसी घटना शाहदरा इलाके में देखने को मिली थी। जहां पर लुटेरों ने एक जोड़े को लूटने की कोशिश की थी।जब उनके पास पैसे नहीं मिले थे तो वह उन्हें सौ रुपये का नोट थमा कर चले गए थे।



# सुप्रीम कोर्ट ने सत्येंद्र जैन को दी राहत, अंतरिम जमानत पांच सप्ताह के लिए बढ़ाई

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के नेता सत्येंद्र जैन की अंतरिम जमानत याचिका पर आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के पूर्व मंत्री की अंतरिम जमानत पांच सप्ताह के लिए बढ़ा दी है। सुप्रीम कोर्ट ने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए उनको अंतरिम जमानत दी है।

न्यायमूर्ति एएस बोपन्ना और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की पीठ को जैन की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने सूचित किया कि 21 जुलाई को उनकी रीढ़ की हड्डी की सर्जरी हुई थी और उन्हें ठीक होने के लिए समय चाहिए। ईडी की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने कहा कि वह अंतरिम जमानत बढ़ाने का विरोध नहीं कर रहे हैं। इससे पहले 10 जुलाई को हुई सुनवाई में कोर्ट ने उनकी जमानत को 24 जुलाई तक लिए बढ़ाया था। उनके वकील ने कोर्ट में कहा था कि डॉक्टरों ने उनको सर्जरी की सलाह दी है, इसलिए उन्हें जमानत मिलनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने आप नेता सत्येंद्र जैन को चिकित्सकीय आधार पर शर्तों के साथ अंतरिम जमानत दी। वह बिना अनुमति के दिल्ली से बाहर नहीं जा सकते और मीडिया के सामने कोई बयान नहीं दे सकते। सत्येंद्र जैन पिछले एक साल से जेल में हैं। उन्हें मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पिछले साल 30 मई को गिरफ्तार किया था। सत्येंद्र जैन सीजे-7 के अस्पताल के एमआई रूम के बाथरूम में फिसल कर गिर गए थे। जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। 21 जुलाई को दिल्ली के अपोलो अस्पताल में जैन की रीढ़ की हड्डी की सर्जरी हुई थी।



## सांसदों ने लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक को पुष्पांजलि अर्पित की

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की जयंती पर संसद भवन के सेंट्रल हॉल में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह और संसद सदस्यों ने भी महान स्वतंत्रता सेनानी को को पुष्पांजलि अर्पित की। लोकसभा के महासचिव उत्पल कुमार सिंह और राज्यसभा के महासचिव पी. सी. मोदी ने भी पुष्पांजलि अर्पित की। लोकमान्य के चित्र का अनावरण राष्ट्र के प्रति उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के सम्मान में 28 जुलाई 1956 को भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू द्वारा संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में किया गया था। इससे पहले अपने ट्वीट संदेश में श्री बिरला ने कहा, महान स्वतंत्रता सेनानी, समाज सुधारक, मूर्धन्य विद्वान एवं शिक्षाविद लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक जी की जयंती पर सादर नमन। उनके विचारों ने आमजन में संस्कृति के प्रति गौरव तथा राष्ट्रवाद की भावना को सशक्त किया। वह आधुनिक भारत के महानतम कर्मयोगी थे जिनके आदर्श सदैव प्रेरणादायी रहेंगे।



# सीमा हैदर मामले में बड़ी कार्रवाई, आधार कार्ड को लेकर सचिन के रिश्तेदार के परिचित पर कसा शिकंजा

**नई दिल्ली।** पाकिस्तानी महिला सीमा हैदर के फर्जी ढंग से आधार कार्ड बनवाने की तलाश में जुटी जांच टीम ने बुलंदशहर के अहमदगढ़ से साइबर कैफे संचालक दो भाई समेत तीन युवकों को हिरासत में लिया है। रविवार को पकड़े गए कैफे संचालक भाई सचिन के रिश्तेदार के परिचित बताए गए हैं।

फर्जी आधार कार्ड बनवाने में मदद की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपियों के साइबर कैफे से भी सामान बरामदगी की कार्रवाई भी की है। इसके अलावा रबूपुरा से भी एक युवक को हिरासत में लिया गया है। हालांकि गौतमबुद्ध नगर पुलिस ने इसकी अधिकारिक पुष्टि नहीं की है। लेकिन अहमदगढ़ और रबूपुरा में पुलिस कार्रवाई की चर्चा शुरू हो गई है।

बिना वीजा के पाकिस्तान से रबूपुरा पहुंची सीमा हैदर के 50 दिन छुपकर रहने और फर्जी ढंग से आधार कार्ड बनवाने के अमर उजाला के खुलासे के बाद पुलिस गहन जांच में जुटी है।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने जानकारी दी थी कि बरामद किए गए तीन आधार कार्ड बनवाने के लिए फर्जी दस्तावेज का इस्तेमाल किया गया था। उन्होंने आधार कार्ड बनाने में मदद करने वालों की तलाश में टीम जुटने की भी जानकारी दी थी। इससे पहले सूत्रों ने जानकारी दी थी कि आधार कार्ड एडिट कर बनाए गए हैं। इन्हीं आधार कार्ड का इस्तेमाल कर सीमा हैदर के नेपाल में रहने और बस में सुरक्षाकर्मियों की गहन जांच से बचने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि आधार कार्ड बरामदगी के बावजूद पुलिस ने दर्ज किए गए केस में धोखाधड़ी की धारा नहीं लगाई थी।





जिसके चलते सचिन और सीमा को जल्द जमानत मिल गई थी। अब बुलंदशहर के अहमदगढ़ में की गई कार्रवाई के बाद उम्मीद जताई जा रही है कि जल्द पुलिस गहन जांच कर इस मामले का अधिकारिक खुलासा करेगी।

**सीमा को अहमदगढ़ निवासी बताकर लिया था कमरा**

रबूपुरा के आंबेडकर निवासी मकान मालिक ने जानकारी दी थी कि सचिन ने उन्हें सीमा को अहमदगढ़ निवासी बताकर कमरा किराये पर लिया था। उसने कहा था कि उसकी रिश्तेदारी में रहने वाली महिला से उसकी शादी हुई है। अहदमगढ़ के पास बड़ा गांव में सचिन की बुआ रहती हैं। बताया जा रहा है कि उन्हीं के परिवार के युवकों के परिचित ने सचिन की मदद की थी।

**सचिन से पूछताछ के बाद कार्रवाई**

सचिन से सोमवार को एटीएस ने पूछताछ की थी। बताया जा रहा है कि पूछताछ में मिली जानकारी के बाद जांच टीम ने रविवार को कार्रवाई की है। इधर, रबूपुरा में रविवार को भी बीमार होने के कारण सीमा ने मीडिया से दूरी बनाए रखी। वहीं सचिन ने भी सामने आने से दूरी बरती। परिजन दोनों की तबीयत खराब होने का हवाला देते रहे।

नेपाल के रास्ते पाकिस्तान से भारत आ गई थी सीमा

पाकिस्तान के कराची निवासी सीमा हैदर और रबूपुरा के सचिन मीणा के बीच पबजी गेम खेलने के दौरान जान-पहचान हुई थी। वीडियो कॉलिंग के जरिये नजदीकियां बढ़ने के बाद सीमा 13 मई नेपाल के रास्ते पाकिस्तान से भारत आ गई थी।

## हिरासत में युवक की मौत, परिजनों ने लगाया मारपीट करने का आरोप, पुलिस ने बताई अपनी थ्योरी

**नई दिल्ली।** हिरासत में लिए गए एक युवक की सुबह दिल्ली के नेताजी सुभाष प्लेस थाना में संदिग्ध हालत में मौत हो गई। युवक को शस्त्र अधिनियम के तहत उसके कुछ साथियों के साथ गिरफ्तार किया गया था और उसे एक दिन की पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही थी। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि रविवार सुबह लॉकअप में तेज सांस लेते देख पुलिसकर्मियों ने उसे पास के अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। डॉक्टरों के पैनल से उसका मेडिकल होगा। मामले की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए गए हैं। मृतक की पहचान शेख शहादत (36) के रूप में हुई है। वह परिवार के साथ जहांगीरपुरी एच ब्लॉक में रहता था। उस पर पहले से 18 आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि 21 जुलाई को शेख शहादत को उसके चार साथियों के साथ शस्त्र अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया था। अगले दिन सभी को अदालत में पेश किया गया। पुलिस ने आगे की जांच के लिए शेख शहादत को एक दिन की रिमांड पर हिरासत में लिया। जबकि अन्य को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। शनिवार शाम अस्पताल में उसका मेडिकल करवाया गया। उसके बाद रात में खाना खाने के बाद उसे लॉकअप में बंद कर दिया गया। रविवार सुबह लॉकअप के पास तैनात संतरी ने शेख शहादत को जोर जोर से सांस लेते देखा। संतरी ने इस बात की जानकारी ड्यूटी अफसर को दी। उसके बाद पुलिसकर्मी ने उसे तुरंत इलाज के लिए अंबेडकर अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**दोस्तों के साथ खाना खाने गया था आरोपी**

शेख शहादत के परिवार वालों ने पुलिस पर कई संगीन आरोप लगाए हैं। शेख की भतीजी शहाना ने बताया कि उसके चाचा जहांगीरपुरी में पार्किंग में काम करते थे। 21 जुलाई की रात अपने दोस्तों के साथ नेताजी सुभाष प्लेस इलाके में खाना खाने गए थे। जहां से पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया गया। बताया गया कि उनके पास से हथियार मिले हैं। उसने आरोप लगाया कि एक पुलिसकर्मी ने उनको छोड़ने के एवज में एक लाख रुपये की मांग की, लेकिन गरीब होने की वजह से वह पैसे नहीं दे पाए। पुलिस की पिटाई से उनकी मौत हुई है। परिवार वालों का आरोप है कि सुबह में उनलोगों को बताया गया कि उसकी तबीयत खराब है और उसे अंबेडकर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# दिल्ली ने सेमीफाइनल में मारी बाजी

**नई दिल्ली।** कोरिया और भारत के बीच राजनयिक संबंधों की 50वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में राजधानी के ओ.पी जिंदल ऑडिटोरियम में एलजी के सहयोग से कोरियाई सांस्कृतिक केंद्र भारत द्वारा 'ऑल-इंडिया के-पॉप कॉन्टेस्ट 2023' का भव्य सेमीफाइनल आयोजित किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि भारत में दक्षिण कोरिया के राजदूत चांग जे-बोक और एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया प्राइवेट, होम एंटरटेनमेंट के निदेशक गैरी किम ने इस अवसर की शोभा बढ़ाई।

ग्यारह शहरों के क्वालीफायर विजेताओं ने सेमीफाइनल में भाग लिया। लगभग 10,000 आवेदकों में से पहले ऑनलाइन क्वालीफायर में चुनी गई 200 टीमों ने क्षेत्रीय क्वालीफायर में भाग लिया और पूरे भारत से 4,000 दर्शक के-पॉप प्रतियोगिता के रीजनल राऊंड देखा। कुल 22 टीमों और 67 प्रतिभागियों ने रीजनल राउंड से सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया।

समारोह की शुरुआत में एमबिटियस के पॉप ग्रुप ने परफॉर्म किया, जो सेमीफाइनल के जज भी थे। प्रतियोगिता में गायन की श्रेणी में पांच मानदंड पर आधारित थे- पिच, टेम्पो, अभिव्यक्ति, उच्चारण और मंच नियंत्रण, और नृत्य श्रेणी के लिए चार मूल्यांकन सटीकता, कोरियोग्राफी, तकनीक और मंच नियंत्रण थे।इस बार दोनों श्रेणियों के विजेता दिल्ली से थे, गायन श्रेणी में प्राची शर्मा और नृत्य श्रेणी में आउटकास्ट्स। उपविजेता इस प्रकार रहे; गायन में प्रथम - अभिप्रिया चक्रवर्ती, द्वितीय - साई माधव रेला (हैदराबाद), तृतीय - श्रुति रामनारायण (चेन्नई) और चतुर्थ - जयश्री श्रुति (बेंगलुरु), नृत्य में प्रथम - एलीट (चेन्नई), द्वितीय - सेरीन (बेंगलुरु), तृतीय - एक्सिओम (मुंबई) और चतुर्थ




- विद नाइन (ईटानगर)। राजदूत चांग जे-बोक ने सभी सेमीफाइनल प्रतिभागियों को बधाई दी और कहा,÷यह आपके लिए चमकने और अपने सपनों को पूरा करने का क्षण है। यह जीवन में एक बार मिलने वाला अवसर है जो आपके दिलों में बस जायेगा। के-पीओपी के मनमोहक माध्यम से भारतीय और कोरियाई संस्कृतियों के खूबसूरत मिलन का जश्न मनाते हुए इस पल को संजोएं।

# वेदलक्षणा गोचेतना चातुर्मास मंगल महोत्सव

**नई दिल्ली।** श्री गोधाम पथमेड़ा लोक पुण्यार्थ न्यास द्वारा गोऋषि स्वामी श्री दत्तशरणानंद जी महाराज के सानिध्य में वेदलक्षणा गोचेतना चातुर्मास महोत्सव के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है।

संगठन के चेयरमेन राकेश बिंदल, अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार गर्ग और केंद्रीय सचिव आलोक सिंघल ने आज यहां यह जानकारी देते हुये कहा कि महोत्सव के दौरान प्रतिदिन गोमहिमा संतवाणी सत्संग, दिव्य गोपूजन अर्चन एवं आरती, भगवान नर्मदेश्वर रूद्राभिषेक और भगवान शालिग्राम जी पूजन अर्चन किया जा रहा है। चर्तुमास 29 सितंबर तक चलेगा। उन्होंने कहा कि 24 से 30 जुलाई तक श्री गोपालनंदजी सरस्वती द्वारा श्री गोकृपा कथा का आयोजन किया जायेगा। इसके साथ ही 6 से 12 अगस्त तक श्री विठ्ठलकृष्ण द्वारा श्री शिवमहापुराण कथा सुनाई जायेगी। महोत्सव के दौरान 21 से 29 अगस्त तक श्री राम कथा, 1 से 3 सितंबर तक भक्तमाल कथा, 9 से 13 सितंबर तक श्री हनुमंत चरित्र मानस सुंदर कांड कथा और 24 से 28 सितंबर तक श्री गोभक्तमाल कथा का आयोजन किया जायेगा।




उन्होंने बताया कि महोत्सव के दौरान रक्षा बंधन के दिन सुंदर कांड पाठ, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के दिन समृद्धि संगोष्ठी कीर्तन, गणेश चतुर्थी के दिन मेरा राम मेरा राष्ट्र, राधा अष्टमी के दिन भजन संध्या, अनंत चतुर्दशी के दिन हरियाली तीज और चातुर्मास पूर्णाहुति 30 सितंबर के दिन श्याम भजन संध्या का आयोजन किया जायेगा।

तीनों पदाधिकारियों ने बताया कि गोऋषि दत्त शरणानंद जी महाराज के द्वारा श्री गोधाम महातीर्थ पथमेड़ा में 5 राज्यों में स्थित 64 से ज्यादा गोशालाओं के माध्यम से 1,52,000 गोवंश की रक्षा का काम सफलतापूर्वक किया जा रहा है। पिछले 30 वर्षों से यहां अनवरत वेदलक्षणा गोवंश के संरक्षण, संपोषण, संवर्धन, पंचगव्य परिष्करण एवं विनियोग व गोमहिमा के पुनः प्रतिष्ठापन के कार्य में जुटा है।

## जब प्रधानमंत्री मणिपुर पर बयान नहीं देते तो लोकतंत्र के मंदिर में 'व्यवधान, हंगामा' होता है : सिब्बल

**नई दिल्ली।** राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने सोमवार को कहा कि जब प्रधानमंत्री मणिपुर पर कोई बयान देने या सवालों का जवाब देने से इनकार करते हैं, तो लोकतंत्र के मंदिर में ''व्यवधान एवं हंगामा'' पैदा होता है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को कहा था कि लोकतंत्र के मंदिरों की छवि धूमिल करने के लिए व्यवधान और हंगामे को रणनीतिक साधन रूपी हथियार बनाया जा चुका है। इसी के मद्देनजर सिब्बल ने यह बयान दिया।

**सिब्बल ने ट्वीट किया,** ''**उपराष्ट्रपति:** 'लोकतंत्र के मंदिरों की छवि धूमिल करने के लिए हंगामे और व्यवधान को हथियार बनाया जा रहा है।' ऐसा मंदिर, जहां प्रधानमंत्री मणिपुर पर बयान देने से इनकार कर देते हैं, सवालों का जवाब देने से मना कर देते हैं? तभी लोकतंत्र के मंदिर में ''हंगामा और व्यवधान'' होता है।'' सरकार मणिपुर मुद्दे पर अल्पकालिक चर्चा के लिए सहमत हो गई है।



इस दौरान गृह मंत्री जवाब देंगे, लेकिन विपक्ष पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा इस मामले पर बयान दिए जाने की मांग पर अड़ा हुआ है।

उपराष्ट्रपति धनखड़ ने रविवार को यहां जामिया मिल्लिया इस्लामिया के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा था कि समाज के विकास के लिए शिक्षा महत्वपूर्ण है। उन्होंने युवाओं से खुद को सशक्त बनाने की अपील की। धनखड़ ने कहा था, ''जनता की भलाई के लिए संवाद, चर्चा, विचार-विमर्श और बहस लोकतंत्र है। व्यवधान और हंगामा निश्चित रूप से लोकतंत्र नहीं हो सकता।'' उन्होंने कहा, ''मुझे आपको यह बताते हुए दुख और पीड़ा हो रही है कि लोकतंत्र के मंदिरों की छवि धूमिल करने के लिए व्यवधान और हंगामे को रणनीतिक साधन रूपी हथियार बनाया जा चुका है।'' मणिपुर मुद्दे पर विपक्ष और सरकार के बीच गतिरोध के कारण लोकसभा और राज्यसभा में मानसून सत्र के दौरान कोई भी कामकाज नहीं हो पाया है।

# नोएडा में पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़, पॉश इलाके के घरों में चोरी करने वाले छह आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** कोतवाली सेक्टर-24 पुलिस और स्वाट टीम की संयुक्त कार्रवाई के दौरान छह बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। इस दौरान एक बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया। जिसका अस्पताल में उपचार चल रहा है। सभी बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। ये गिरोह पॉश इलाकों के घरों में चोरी करता था।

**दो बाइक पर सवार थे छह बदमाश**

डीसीपी हरीश चंदर ने बताया कि सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा मदर डेयरी सेक्टर-11 पर बैरियर लगाकर चेकिंग की जा रही थी, जिसमें दिल्ली बार्डर हरीदर्शन की तरफ से दो बाइक आती दिखाई दीं। दोनों बाइक पर तीन-तीन कुल छह लोग सवार थे। एक बाइक पर बैठे तीन लोगों को पकड़ लिया।

इनकी पहचान आरिफ, आकिल निवासी मवाना जिला मेरठ और मो. आरिफ निवासी दौराला जिला मेरठ के रूप में हुई, जबकि दूसरी बाइक पर बैठे तीनों लोग बाइक समेत भागने लगे।



**इस दौरान एक बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया। जिसका अस्पताल में उपचार चल रहा है। सभी बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।**

सेक्टर-56 की तरफ नाले के किनारे बने कच्चे रास्ते पर भागते समय रियासत अली निवासी नजीबाबाद जिला बिजनौर ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस द्वारा आत्मरक्षा में की फायरिंग के दौरान गोली रियासत के पैर में लगी और वह घायल हो गया। हीं, उसके दो अन्य साथियों कमल यादव निवासी जिला संभल और सहजाद निवासी शाहदरा दिल्ली को कांबिंग के दौरान गिरफ्तार कर लिया। बदमाशों के पास से पुलिस को चोरी की दो बाइक, एक पिस्टल, दो कारतूस, एक तमंचा, ताला व जाली काटने का कटर, एक पेचकस, एक लोहे की नुकीली राड, एक ड्रिल मशीन, तीन घडी हाथ की, 36 सफेद धातु के सिक्के, छह मोबाइल फोन, 80 हजार रूपये बरामद किए हैं। पुलिस बदमाशों का आपराधिक इतिहास खंगालने में जुटी है।

# जल्द ही दर्शकों के सामने होगी माँ पन्ना गुर्जरी




**नोएडा।** हिंदी सिनेमा के सफलतम निर्देशकों की गिनती में अरुण नागर का नाम बड़ी ही शिद्दत के साथ लिया जाता है, जिन्होंने दर्शकों को गुर्जर आंदोलन, रिस्कनामा 1, बल्ली वर्सेज बिरजु, ऐंग्री अन्ना, जैसी सफल फि ल्में दी है । इनकी फि ल्म ह्यरिस्कनामा 2ह्ल भी जल्द रिलीज होने वाली है। अब अरुण नागर अपनी अगली फि ल्म माँ पन्ना गुर्जरी को दर्शकों के समक्ष लेकर आने वाले है। इस फिल्म में माँ पन्ना गुर्जरी की वीरता के जौहर को दिखलाया जाएगा, जिन्होंने चित्तोड के कुल दीपक उदय सिंह को बचाने के लिए अपने पुत्र चंदन का बलिदान दे दिया था। बॉलीवुड के जाने माने एक्टर व डायरेक्टर अरुण नागर अपनी हर फि ल्म में एक सामाजिक मुद्दा लेकर आते है । इससे पहले भी उन्होंने बॉलीवुड फिल्म ह्लगुर्जर आंदोलनह्व, ह्यरिस्कनामाह्ल 1, बल्ली वर्सेज बिरजु, ऐंग्री अन्ना और ह्यरिस्कनामा 2ह्ल जैसी फि ल्म बनायी थी, जिसकी वजह से अरुण नागर दर्शकों के दिलो मे अपनी एक खास जगह बना चुके है । निर्देशक अरुण नागर का कहना है कि इस फिल्म की कहानी से दर्शकों को ह्लमाँ पन्ना गुर्जरीह्व के इतिहास के बारे में बहुत कुछ रोचक तथ्यों को जानने में मदद मिलेगी, जिन्हें हमारे चाटुकार इतिहासकारों ने छिपा दिया था । यह फिल्म राजस्थान के मेवाड़ में घटित होने वाले राजनैतिक घटनाक्रमों एवं षड्यंत्रों पर आधारित है, जो राष्ट्र भक्ति, महिला सशक्तिकरण और राष्ट्र के प्रति गुर्जर समाज के बलिदान को दर्शाती है कि किस तरह योग्य व्यक्ति को दरकीनार करने और अयोग्य लोगों को शासक बनाने से समूचा विशाल साम्राज्य तबाह और बर्बाद हो जाता है। दरअसल यह सिर्फ एक फिल्म नही है बल्कि इसमें हिंदुस्तान के इतिहास का सार पेश किया जाएगा । फिल्म की कहानी कुछ यूँ है कि चित्तोड के शासक राणा सांगा और रानी कर्णावती के दो पुत्र है राणा विक्रमादित्य और उदय सिंह। सन 1531 ई. में राणा विक्रमादित्य को राज्य के शासन की बागडोर सौंपी जाती है। राणा विक्रमादित्य एक अयोग्य राजा साबित होता है, जिससे राज्य के सभी सरदार और सामंत नाराज होने लगते है। इसी कमजोरी का फायदा उठाकर सन 1536 ई. में राणा सांगा के भाई पृथ्वी सिंह का दासी पुत्र बनवीर चित्तोड के राज्य को हथियाने के उद्देश्य से विक्रमादित्य का कत्ल कर देता है और फिर वो उदय सिंह को भी मारने के लिए जाता है। लेकिन उनके रास्ते में दीवार बनकर खड़ी होती है ह्लमाँ पन्ना गुर्जरीह्व। अब किस तरह से विपरीत परिस्थितियाँ होने के बावजूद भी ह्लमाँ पन्ना गुर्जरीह्व बनवीर से चित्तोड की राज गद्दी वापस लेती है, इसी घटनाक्रम को फि ल्म में दशार्या जाएगा। फि ल्म के सभी कलाकारों के चयन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। बहुत जल्द कास्टिंग का कार्य सम्पन्न करके इस फि ल्म की शूटिंग शुरू कर दी जाएगी। अगस्त माह में ह्लमाँ पन्ना गुर्जरीह्व फि ल्म की शूटिंग होगी शुरू । फिल्म की शूटिंग राजस्थान व नॉएडा में की जाएगी । यह फिल्म 40 दिनों में कम्प्लीट की जाएगी । इस फि ल्म में ऐक्शन के साथ-साथ इमोशन का भी भरपूर तड़का दिया जाएगा। फि ल्म के लेखक व निर्देशक अरुण नागर का कहना है कि जो भी इंसान अपने देश से प्रेम करता है, उसे जरूर देखनी चाहिए हमारी फि ल्म ह्यमाँ पन्ना गुर्जरी । कीर्ति मोशन पिक्चर्स और गरुड़ा सिनेप्लेक्स के बैनर तले निर्मित होगी हिंदी फिल्म ह्यमाँ पन्ना गुर्जरीह्ल। फिल्म की निमार्ता सीमा नागर है, सह-निमार्ता ह्यगुर्जर महावीर सिंह फौजीह्ल हैं। फि ल्म की कास्टूम डिजाइनिंग करेंगी कीर्ति-जानवी और कास्टिंग का कार्यभार सम्भाला है रवि वर्मा ने।

## नोएडा पुलिस से मुठभेड़ में 6 चोर गिरफ्तार, एक के पैर में लगी गोली





**नोएडा।** पुलिस और स्वाट टीम की 24 जुलाई सोमवार सुबह करीब 4.30 बजे के आसपास नोएडा के सेक्टर 11 में स्थित मदर डेरी के पास चोरों के बीच मुठभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ में एक चोर को पुलिस ने घायल होने के बाद पकड़ा है। यह घायल चोर शातिर चोर गिरोह का सरगना बताया गया है। उसके गिरोह के सभी 6 सदस्यों को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सेक्टर 24 थाने की पुलिस व पुलिस की स्वॉट टीम गश्त कर रही थी। इसी दौरान शक होने पर सेक्टर 11 में दो मोटर साइकिल सवार युवकों को रोका गया। एक मोटर साइकिल तो रुक गई लेकिन दूसरी मोटर साइकिल का चालक पुलिस पर फायर करता हुआ भागने लगा। जिसके बाद पुलिस की जवाबी करवाई पर गोली पैर में लगने से मोटर साइकिल सवार गिर पड़ा जिसे पुलिस ने पकड़ लिया। पुलिस मुठभेड़ में घायल हुआ मोटर साइकिल सवार एक शातिर चोर गिरोह का सरगना निकला। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक इस सरगना का नाम रियासत अली है। वह मूल रूप से यूपी बिजनौरी का रहने वाला है। वह गिरोह बनाकर नोएडा के सेक्टरों में चोरी करता था। पुलिस ने उसके पांच और साथियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए सभी 6 युवक अलग अलग शहरों के रहने वाले हैं। सभी शातिर किस्म के चोर हैं। जानकारी के मुताबिक पुलिस द्वारा पकड़े गए चोरों में मेरठ के मवाना का रहने वाले शौकीन का पुत्र आरिफ, मेरठ के ही दौराला थाना क्षेत्र के गांव रुहासा के रहने वाले मल्हन खान का बेटा आरिफ, मवाना के गांव निलोहा का रहने वाला आकिल, पुलिस की गोली लगने से घायल होने वाला गिरोह का सरगना बिजनौर का रहने वाला रियासत अली, संभल का रहने वाला कमल यादव तथा दिल्ली के शाहदरा क्षेत्र के सुभाष पार्क का रहने वाला शहजाद शामिल है। पुलिस ने चोरों के कब्जे से चांदी के 36 सिक्के व हथियार बरामद किए हैं। इनकी पुरानी सभी वारदातों की लिस्ट भी बनाई जा रही है।

## सफाई कर्मचारी हड़ताल पर होने के कारण ग्राम वासियों में रोष





**गौतमबुध नगर।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर सफाई कर्मचारी हड़ताल पर होने के कारण ग्राम वासियों में रोस,, जिसमें भारतीय किसान यूनियन अंबावता के दादरी तहसील अध्यक्ष किसान नेता राजकुमार रूपवास का कहना है कि ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अंतर्गत आने वाले ग्रामों की प्रधानी खत्म हो गई है जिसमें कार्य करने का कर्तव्य ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण का बनता है लेकिन विकास कार्य तो दूर की चीज है गांव में सफाई भी बंद हो गई है इसका मुख्य कारण है सफाई कर्मचारी किसान भाई अपनी मांगों को लेकर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर धरने पर बैठे हैं जिसमें उनकी मांगों की अनदेखी की जा रही है उनकी मांगों को तत्काल निस्तारण किया जाए जिससे किसान भाई भी और जो सफाई कर्मचारी धरने पर बैठे हैं वह तत्काल गांव में जो गंदगी का आभार लग रहा है उसको तुरंत सफाई कार्य करने का काम, करे ताकि लोग बीमारी से बच सकें हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि पाल अंबावता जी उनका भी यही कहना है किसी के साथ भी कोई भी गलत किसान गरीब मजदूर बेसहारा लोगों के साथ गलत व्यवहार नहीं सहन किया जाएगा हमने अपने सभी पदाधिकारी को बोल रखा है कि कहीं पर भी किसी को भी कोई भी समस्या होती है तो उसका निस्तारण करने का काम हमारा पदाधिकारी करेगा

## धर्म छिपाकर महिला से रेप, 20 लाख ऐंठे

### हिंदू नाम बताकर की दोस्ती, अश्लील वीडियो बनाकर धर्म बदलने का दबाव बनाया



**ग्रेटर नोएडा ।** बिसरख थाना पुलिस ने लव जिहाद के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। एक विधवा महिला की शिकायत पर पुलिस ने युवक को गिरफ्तार किया। आरोप है कि युवक ने धर्म बदलकर नकली नाम बताकर महिला को पहले प्रेम जाल में फंसा लिया। उसके बाद लड़की के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। महिला का आरोप है कि आरोपी धर्म परिवर्तन करने के लिए दबाव बना रहा था। दरसअल बिसरख थाना पुलिस ने गाजियाबाद निवासी हारून खान उर्फ नोनू को इटेहडा गोल चक्कर के पास से गिरफ्तार किया है। महिला ने बिसरख थाने में शिकायत देते हुए बताया कि आरोपी हारुन खान ने अपने साथियों के साथ मिलकर जिम करने वाली पीड़िता से अपना नाम, जाति व धर्म छुपाकर उससे दोस्ती की। आरोपी मुस्लिम था लेकिन उसने खुद को हिंदू बताया। आरोपी ने दोस्ती के दौरान जान पहचान बढ़ाई और फिर पीड़िता के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। इसी दौरान आरोपी ने पीड़िता की अश्लील वीडियो भी बना ली। उसके बाद आरोपी जबरन धर्मांतरण करने के लिए दबाव बनाने लगा। आरोपी ने अश्लील वीडियो के माध्यम से अलग-अलग तरीके से पीड़िता से 19.5 लाख रुपए भी हड़प लिए। इसके साथ ही एक थार गाड़ी भी आरोपी ने युवती से धोखा देकर अपने नाम करा लिया। पीड़िता को जब कोई रास्ता नहीं दिखा तो उसने बिसरख पुलिस से इसकी शिकायत की। पुलिस ने इस मामले में शिकायत मिलते ही महिला की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया। बिसरख थाना प्रभारी अनिल राजपूत ने बताया कि आरोपी के द्वारा जबरन धर्मांतरण का दबाव बनाने के बाद पीड़िता ने बिसरख पुलिस से मामले की शिकायत की। जिसके बाद पुलिस ने धर्म परिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम के साथ अन्य धाराओं में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया। बिसरख पुलिस ने आरोपी हारुन खान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने आरोपी के पास से थार गाड़ी को भी बरामद कर लिया है।

## अखिल भारतीय राजार्य सभा 30 जुलाई को जंतर मंतर पर शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन करेंगे



नोएडा। समान नागरित संहिता के समर्थन में अखिल भारतीय राजार्य सभा को जंतर मंतर पर 30 जुलाई को शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन के हेतु आज संपन्न हुई प्रेस वार्ता में अखिल भारतीय राजार्य सभा की प्रेस वार्ता में सभी वक्ताओं ने एक स्वर से समान नागरिक संहिता का समर्थन करते हुए संसद के इसी सत्र में पास कराने की जोरदार वकालत की! ठस अवसर पर राजार्य सभा के अध्यक्ष श्री महेन्द्र सिंह आर्य, आर्ष गुरूकुल के आचार्य जयेन्द्र कुमार, सभा के राष्टीय प्रवक्ता आचार्य कर्ण सिंह, पूर्व महामंत्री स्वामी मोहन देव जी, सदस्य रामेश्वर सरपंच जी, ने संबोधित किया! की एक प्रेस वार्ता आर्ष गुरूकुल आर्य समाज में आयोजित की गई; प्रेस वार्ता का विषय था समान नागनिक संहिता की मांग का रखते हुए अखिल भारतीय राजार्य सभा के राष्टीय अध्यक्ष श्री महेन्द्र सिंह आर्य ने कहा कि देश के अंदर अखिल भारतीय राजार्य सभा सौतेल व्यवहार का ने ही होने देगी; इसलिए हम सरकार से मांग करते हैं कि सरकार इस कानून को तत्काल प्रभाव से इसे संसद में कानून बनाकर लागू करें; जिससे देश में सभी को समानता का अधिकार प्राप्त हो! प्रेस वार्ता में इसी से संबंधित एक बिन्दु को उठाते हुए कहा कि मठ मंदिरों का पैसा जो लगभग चार लाख करोड हैं जिसे सरकार प्राप्त करती है जो कि धर्म कल्याण के लिए दान दिया जाता है परंतू चर्च, मस्जिद व मजार आदि के पैसे को सरकार नहीं लेती है! हम सरकार से जानना चाहते हैं कि एक ही देश में इस प्रकार का सौतेला व्यवहार क्यों! अखिल भारतीय राजार्य सभा यह मांग करती है कि मठ मंदिरों चर्च मस्जिद मजार आदि पर समान कानून लागू हो!श्री महेन्द्र सिंह आर्या जी ने पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि इसी विषय को लेकर हम जंतर मंतर पर 30 जुलाई 2023 को एक जनसभा करने जा रहे हैं! और उस सभा के दौरान हम माननयी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को एक ज्ञापन सौपेंग! सरकार समान नागरिक संहिता को अविलंब लागू करें अन्यथा अखिल भारतीय राजार्य सभा इसके लिए जनादोलन शुरू करेंगे।आचार्य जयेन्द्र जी ने भी समान नागरिक संहिता का समर्थन करते हुए सरकार से मांग की कि केन्द्र सरकार इसी मानसून सत्र में शीघ्रता से कानून बनाकर लागू करें! स्वामी मोहन देव जी ने भी अखिल भारतीय राजार्य सभा के माध्यम से मांग की कि ये कानून देश हित में है और इसे अति शीघ्र लागू किया जाना चाहिए! अखिल भारतीय राजार्य लागू कराने के लिए कटिबद्ध है।अखिल भारतीय राजार्य सभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता आचार्य कर्ण सिंह ने भी प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए सभा के मूल उद्ददेश्य को पत्रकारों के समक्ष रखा! और कहा कि अखिल भारतीय राजार्य सभा प्रतिष्ठात्मक चुनाव प्रणाली के माध्यम से सात दिन में शून्य खर्च पर सभी तरह के चुनाव कराने को तैयार है! इसी से प्रजातंत्र स्थापित होता है!

इस प्रेस वार्ता को सबं ोधित करते हुए उन्होंने अंत में कहा कि 30 जुलाई को आप सभी लोग अधिक से अधिक संख्या में जंतर मंतर पर पहुंच कर अखिल भारतीय राजार्य सभा के लिए देश हित में अपने कर्तव्य धर्म का पालन करें! इस अवसर पर आर्य समाज की मंत्री श्रीमति गायत्री मीणा जी, सभा के संरक्षक रामेश्वर सरपंच जी, पूर्व महामंत्री स्वामी मोहन देव जी, आर्य समाज पारसौल के प्रधान पूरण पहलवान, राष्टीय संगठन मंत्री श्रीमति इंदु आर्या, सभा के मंत्री यशवीर आर्या व अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**संक्षिप्त डायरी**

## बुढ़ाना गन्ना समिति सचिव बृजेश राय ने कहा जल्द करेगा भसाना गन्ना मिल भुगतान



मुजफ्फरनगर । बुढाना मुजफ्फरनगर के भसाना चीनी मिल पर दो माह से अधिक समय से भारतीय किसान यूनियन टिकैत का धरना चल रहा है जिसके नेतृत्व को अनुज बालियान तहसील अध्यक्ष व संजीव पवार ब्लॉक अध्यक्ष संभाल रहे हैं । धरने में सैकड़ों किसान प्रतिदिन शामिल हो रहे हैं आज बुढाना गन्ना समिति सचिव बृजेश कुमार राय एवं गन्ना विकास प्रभारी संजय सिंह से वार्ता हुई अपने वक्तव्य में समिति सचिव बृजेश कुमार राय एवं संजय सिंह ने बताया कि प्रशासन एवं गन्ना समिति किसानों का गन्ना भुगतान शीघ्र कराने को प्रतिबद्ध है जिसमें उप जिलाधिकारी महोदय मीटिंग भी लेते रहते हैं सचिव ने कहा भसाना चीनी मिल की कैश क्रेडिट लिमिट पास नहीं है पेमेंट अभी 25 दिसंबर तक हुआ है जबकि जिले की सभी चीनी मिलों का भुगतान 100% हो चुका है चीनी बेचकर किसानों का गन्ना भुगतान होना है अब तक 175 करोड़ का भुगतान हो चुका है 262 करोड़ का भुगतान अभी शेष बाकी है ।

## अंतर महाविद्यालयीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता संपन्न



**गौतमबुध नगर।** किसी भी प्रतियोगिता के जीत का सर्वप्रथम चरण है उस प्रतियगिता में प्रतिभाग करना जो प्रतिभाग ही नही करते उन्हे जीत की उम्मीद हो ही नही सकती। उक्त बाते एच एल एम लॉ कॉलेज, दुहाई, गाजियाबाद में अंतर महाविद्यालयीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता के समापन के अवसर पर बोलते हुए प्रतियोगिता के जज और कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा सन्तोष कुमार तिवारी, सहायक आचार्य विधि, गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय ग्रेटर नोएडा ने कही। डा तिवारी ने कहा कि मूट कोर्ट प्रतियोगिता एक मात्र प्रतियोगिता होती हैं जहा पर किसी प्रकार का निर्णय प्रतिपादित नही किया जाता है बल्कि कतिपय मानकों यथा तथ्य का ज्ञान, विधि का ज्ञान, तर्क क्षमता, अभिव्यक्ति और विश्वास के आधार पर प्रतियोगी प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त करता है। उन्होंने यह भी कहा कि एक अधिवक्ता अथवा प्रतियोगी को न्यायालय के प्रति, विपक्षी अधिवक्ता, सहयोगी अधिवक्ता, मुवक्किल के प्रति सहज, सरल और सकारात्मक व्यवहार करना और रखना चाहिए। साथ ही साथ एक जिम्मेदार नागरिक की तरह अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करना चाहिए। उक्त अवसर पर कालेज के प्राचार्य डा सुरेश्वर तिवारी और विभागा ध्यक्ष श्री मनोज कुमार ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह और पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया और आभार प्रकट किया। उक्त अवसर पर लॉ कॉलेज और महाविद्यालय के अन्य शिक्षक और शिक्षिका उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डा बी डी शर्मा ने किया। कॉलेज ग्रुप डायरेक्टर श्री अरूण कुमार राना सहायक निदेशक श्री धीरज शर्मा एवम् रजिस्ट्रार अरूण गोयल ने कालेज प्रशासन, शिक्षको और को कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया। उक्त प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सुश्री मुक्ता भारद्वाज, श्री सिमोध और हुमायूं शहजादा द्वितीय स्थान और निमिषा त्यागी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्र छात्राओं में कार्यक्रम को लेकर अत्यंत हर्ष का माहौल है। छात्रों ने भविष्य में इस प्रकार के कार्यक्रम में बढ़ - चढकर हिस्सा लेने की प्रतिबद्धता जताई।

## गौतमबुद्ध नगर में लगातार बढ़ रहा हिंडन नदी का जलस्तर



**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर में हिंडन नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है, जिसकी वजह से क्षेत्र में बसी हुई कॉलोनियों में पानी भरना शुरू हो गया है। वहां की गलियों तक पानी भर गया है। इसको लेकर पुलिस पहले से ही अलर्ट है। पुलिस के द्वारा नदी के आसपास रहने वाले लोगों को अलर्ट किया गया और सभी से सुरक्षित स्थान पर जाने की अपील की गई। कहा गया कि आप लोग अपना मकान खाली कर दें और बारात घर और स्कूल में आप लोगों के रुकने की व्यवस्था की गई है। पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल नोएडा अनिल कुमार यादव के नेतृत्व में अपर पुलिस उपायुक्त राजीव दीक्षित के द्वारा थाना प्रभारियों व पुलिस बल के साथ बाढ़ प्रभावित थाना बिसरख क्षेत्रान्तर्गत क्षेत्र यूसुफपुर चक शाहवेरी, पुराना हैबतपुर, तिगरी व थाना सेक्टर 142 क्षेत्रान्तर्ग ग्राम सहदरा, थाना ईकोटेक 3 ग्राम सुतियाना, पुराना अलीवदीर्पुर तथा सेक्टर 63 क्षेत्रान्तर्गत छिजारसी कालोनी, चोटपुर, बबीता विहार कालोनी व 25 फुटा बुद्ध विहार में हिंडन नदी के किनारे स्थित मकानों को खाली कराने की अपील की गई। बताया गया कि रात में कभी भी अचानक बाढ़ का पानी घरों में पहुंच सकता है। पुलिस द्वारा वहां आवासित लोगों को सुरक्षित स्थान पर जाने की लगातार अपील की जा रही है। क्योंकि हिंडन नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है, पानी गलियों में प्रवेश कर रहा है। परंतु स्थिति अभी नियंत्रण में है। पुलिस और प्रशासन के द्वारा लोगों के रुकने के लिए बारात घर और स्कूल में व्यवस्था की गई है। इस दौरान लोगों को लाउडहेलर द्वारा घरों को खाली करने की अपील करते हुए खाली कराया जा रहा है। अभी तक कोई दीवार गिरने या जन हानि की सूचना नहीं है। हिंडन के बढ़ते जा रहे जलस्तर पर पुलिस की नजर बनी हुई है और लगातार पुलिस अलर्ट मोड पर है।

# बाढ़ पींडित किसानों को प्रति एकड़ के हिसाब से मुआवजा दे सरकार : विक्रम राणा पधाना

**तरावड़ी।** जिला परिषद के वार्ड नंबर 6 सदस्य प्रतिनिधि विक्रम राणा पधाना ने कहा कि प्रदेश सरकार को बाढ़ से खराब हुए किसानों के बोरवेल के लिए मुआवजा देना चाहिए, ताकि किसान दोहरी मार से बच सके। उन्होंने कहा कि हल्के के गांव गांगर, सग्गा, नड़ाना व शामगढ सहित कई गांवों का दौरा किया। उन्होंने किसानों और लोगों से बाढ़ के कारण आ रही कठिनाइयों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने बाढ़ राहत कार्यों में और तेजी लाने की मांग की, ताकि लोगों को कम से कम परेशानी हो। जिला परिषद के वार्ड नंबर 6 सदस्य प्रतिनिधि विक्रम राणा पधाना ने जिले के अधिकतर गांवों में बाढ़ पीड़ितों से मुलाकात कर उनकी परेशानियों को जाना और कहा कि जल निकासी न होने से बाढ़ प्रभावित गांवों में हाहाकार मचा हुआ है। लोगों को खाने-पीने की किल्लत के साथ ही पशुओं के चारे की समस्या उत्पन्न हो गई है। उन्होंने कहा कि बाढ़ से किसानों को फसलों के साथ-साथ बोरवेल खराब होने का भी नुकसान उठाना पड़ा है। उन्होंने प्रदेश सरकार से बाढ़ से खराब हुई फसलों के अलावा खराब हुए बोरवेल व बिजली की मोटरों का भी उचित मुआवजा देने की मांग की, ताकि किसान आर्थिक तौर पर बर्बाद होने से बच सके। विक्रम राणा किसानों की समस्या सुनने के उपरांत पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस अवसर पर किसानों ने विक्रम राणा को बताया कि इस बाढ़ के साथ खेतों में कई कई फुट मिट्टी जम गई है जिस कारण वे पूरा साल खेतों मे फसल नहीं लगा पाएंगे। विक्रम राणा ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि बाढ़ आपदा में फसल के नुकसान के लिए प्रति एकड़ व बोरवेल के खराब होने पर 2 लाख का अतिरिक्त मुआवजा दिया जाए। उन्होंने कहा कि इंद्री के साथ लगते गांवों के व्यापारियों, दुकानदारों को भी काफी नुकसान हुआ है। इसका भी सर्वेक्षण कर उन्हें उचित मुआवजा दिया जाए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार को बाढ़ से जिन किसानों की फसल खराब हुई है, उन्हें तुरंत मुआवजा देना चाहिए। जिन किसानों के ट्यूबवेल खराब हुए हैं, उन्हें ढाई लाख रुपये तक मुआवजा दें।।

# करनाल में प्रोपर्टी आईडी की गलतियों की दुरूस्ती के लिये शिविर

**करनाल।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रोपर्टी आई को लेकर आज संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की और कहा कि इन गलतियों को जल्द दुरूस्त किया जायेगा। सोमवार से आयुक्त कार्यालय और कमयुनिटी सेंटर्स पर इसके लिये विशेष शिविरों का आयोजन किया जायेगा। प्रोपर्टी आईडी संबंधी करीब 17 सौ शिकायतें लंबित हैं। जब तक इनका निपटरा नहीं हो जाता तब तक शिविर जारी रहेंगे। मुख्यमंत्री आज यहां सेक्टर 6 के कम्युनिटी सेंटर में 15वें जनसंवाद कार्यक्रम के तहत लोगों को संबोधित कर रहे थे। इससे पूर्व उन्होंने सेंटर परिसर में स्केटिंग रिंग का उदघाटन किया। मनोहर लाल ने कहा कि आज के जन संवाद कार्यक्रम में आई सभी शिकायतों पर उचित कार्यवाही की जायेगी और समाधान के बाद दर्ज फोन नंबर पर शिकायतकर्ता से फीडबैक भी लिया जायेगा। उन्होंने कहा कि मेरठ रोड पर सेक्टर 6-5 को जोडऩे वाले रास्ते पर लाईओवर तथा अंडरपास के लिये कार्यवाही जारी है और जल्दी मंजूरी मिलने की उम्मीद है।

पानी जीवन की बड़ी आवश्यता

मुख्यमंत्री ने कहा कि पानी जीवन की बड़ी आवश्यकता है। जैसे रक्त शरीर के लिये आवश्यक है उससे अधिक आवश्यक पानी है क्योंकि रक्त बनाने में पानी की जरूरत पड़ती है। हरियाणा में 2014 से पहले 9 लाख पेयजल कनेक्शन थे। उनकी सरकार ने 20 लाख नये कनेक्शन दिये। आज राज्य में 29



लाख पानी के कनेक्शन हैं। 500 नये जलघरों का निर्माण किया गया है। भाजपा सरकार ने सत्ता में आने के बाद हरियाणा को कैरोसीन मुक्त किया। इससे सैंकड़ों करोड़ रुपये की बचत हुई है। वह भी समय था जब पेट्रोल में कैरोसीन को मिलाकर उसका दुरुपयोग किया जाता था।

मुख्यमंत्री के अनुसार भारत आज दुनिया में सबसे अधिक आबादी वाला देश बन गया है। 60 प्रतिशत जनसंख्या 15 से 35 साल के युवाओं की है। विदेशों में नोकरी वास्ते भारतीय युवाओं की मांग बढ़ रही है। सरकार भी युवाओं की पढ़ाई, स्किलिंग की ओर विशेष ध्यान दे रही है। विदेशो में नर्सो, वैज्ञानिकों, मजदूरों, मिस्त्रियों आदि की भारी मांग है। उम्मीद जताई कि यहां के युवा शिक्षा ग्रहण के बाद दूसरे देशों में नौकरी करके विदेशी मुद्रा को यहां लाएंगें। भारत ने अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत किया है। तीन साल बाद भारत 5 ट्रिलियन डॉलर इकोनामी में शामिल हो जायेगा। भारत बहुत सी विधायें दूसरे देशों को दे रहा है। योग इसका उदाहरण है।

उन्होंने कहा कि सरकार ने भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिये अनेक कदम उठाये है। रहन सहन में सुगमता के लिये ईज आफ डूइंग लागू किया है। अब ट्रांसफर के लिये कर्मचारियों को मंत्रियों-विधायकों के चक्कर नहीं काटने पड़ते। बिचौलियों के धंधे पर लगाम कस दी गई है। परिवार पहचान पत्र में कुछ कठिनाईयां जरूर पेश आ रही हैं जिनका समाधान किया जा रहा है। यह सच और झूठ का द्वंद है। आज बुढ़ापा पैंशन की राशि बैंक खातों में पहुंचाई जा रही है। एक समय वह था उल्टे - सीधे अंगूठे लगाकर भोले-भाले लोगों की पैंशन हड़प ली जाती थी। समाज को खुशहाल बनाने के लिये अनेक योजनायें लागू की है। सरकार ने हैपीनेस इंडेक्स इजाद किया है। इस मौके पर उपायुक्त अनीश यादव, एसपी शशांक कुमार सावन, एडीसी डा. वैशाली शर्मा, मेयर रेनू बाला गुप्ता, वार्ड 8 की पार्षद मेघा भंडारी, सीईओ जिला परिषद गौरव, भाजपा के प्रदेश महामंत्री वेदपाल, पूर्व विधायक रमेश कश्यप, मंडल प्रभारी कुलदीपशर्मा, जिला अध्यक्ष योगेंद्र राणा, कोषाध्यक्ष बृज गुप्ता जिला महामंत्री सुनील गोयल, उप प्रधान प्रवीण लाठर, व्यापार मंडल प्रधान कृष्ण लाल तनेजा, अशोक भंडारी आदि मौजूद थे।

# सरकार द्वारा करवाया विकास ठप्प है, भाजपा सरकार पूरी तरह से फेल



**उकलाना मंडी।** बाढ़ से ग्रसित क्षेत्रों का दौरा करने के पूर्व मुख्यमंत्री एवं विपक्ष के नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने आज देर सायं सुरेवाला चौक पर कुछ मिनट के लिए रूके और पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि सरकार द्वारा करवाया गया विकास पूरी तरह से ठप्प है और भाजपा सरकार पूरी तरह से फेल साबित हुई। भाजपा सरकार ने अगर इंतजाम किए होते तो

आज ये हालात नहीं होते। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा राहत के कोई पुख्ता प्रबंध नहीं किए गए है। आज प्रदेश के किसानों की फसल बर्बाद हो गई और उनकी फसलों का सरकार 40 हजार रूपए मुआवजा दें और मनरेगा मजदूरों को एक महीना का कार्य और जो दुकानदार को बाढ़ में नुक्सान हुआ है उनको आर्थिक मदद सरकार मुहैया करवाएं। वही जब उनसे पूछा कि क्या विपक्ष इसमें कितनी भूमिका निभा रहा तो उन्होंने कहा कि हम बाढ़ ग्रसित क्षेत्रों का दौरा कर रहे और कांग्रेस का कार्यकर्ता हर जगह पर अपने जो भी मदद है वो बाढ़ पीड़ितों के लिए कर रहे है। वही इस मौके पर उनके साथ पूर्व विधायक नरेश सेलवाल, पूर्व मंत्री परमवीर सिंह, मनजीत नबंरदार, श्याम सुंदर बंसल, कर्ण सिंह भाकर, हवासिंह नैन, विनोद धतरवाल, बलकार सिंह, मोलड़ सिंह सुरेवाला, चंद्र छिरंग, बदलूराम सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

# लायंस क्लब ने स्थापित की सेवा और समर्पण की मिसालः बठला



**करनाल।** लायंस क्लब करनाल की नव निर्वाचित टीम ने नए प्रधान समाजसेवी विनोद खेत्रपाल की अगुवाई में दायित्व ग्रहण किया पांच मर्तवा प्रधान रहे विनीत भाटिया ने विनोद खेत्रपाल को अपना दायित्व दिया। कार्यक्रम मनका में संपन्न हुआ। करताल ध्वनि के बीच नई टीम ने अपना कार्यभार ग्रहण किया। पहले दिन ही टीम ने राशन विजरण कर प्रोजेक्ट का आगाज किया। पिछले कई सालों से लायंस क्लब करनाल को बुलदियों पर ले जाने का काम विनीत भाटिया और विनोद खेत्रपाल की युगल जोड़ी कर रही हैं। सभी ने पूर्व प्रधान विनीत भाटिया के पांच सालों के कार्यकाल को लायंस क्लब के इतिहास में माइल स्टोन बताया। लायंस क्लब के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक गवर्नन भरत भूषण दुआ थे। इस अवसर पर पास्ट गवर्नर विनय गर्ग, विनीत गोयल, विनीत खन्ना और अजय गोयल थे। कार्यक्रम में विशेष अतिथि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के विधायक प्रतिनिध संजय बठला, व्सपार कल्याण बोर्ड के जिला प्रधान कृष्ण लाल तनेजा थे। लांस क्लब की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री के प्रतिनिध संजय बठला ने कहा कि लायंस क्लब ने सेवा और समर्पण की मिसाल कायम की हैं। इस अवसर पर पूर्व प्रधान विनीत भाटिया, नरेंद्र अरोड़ा, मनोज सचेदेवा, राजीव मैहता, अमित आहूजा, अनिल गांधी, राकेश मदान, अशोक खेत्रपाल, हरीश बधवा, कुलदीप, रमेश मिड्ढा, संजय पोपली, राजेश भाटिया, विरेंद्र चौपड़ा सौनिया चोपड़ा, राजेंद्र सरदाना, प्रमाद अरोड़ा, आदि उपस्थित थे।

# बीजेपी का पन्ना प्रमुख सम्मेलन बना महज दिखावा : सुनीता वर्मा

**पटौदी।** राष्ट्रवाद की आड़ में अपना नफरती एजेंडा चला रही बीजेपी की पोल उनके पन्ना प्रमुख सम्मेलन ने खोल दी है, एक तरफ तो ये शहीदों के नाम पर जनता की भावनाओं को भुनाने के लिए अपने राजनीतिक मकसद को साधने के लिए पोर्ट ब्लेयर में काला पानी से अमर बलिदानियों की मिट्टी ला कर खुद को देशभक्त दिखाने का प्रयास करते हैं वहीं दूसरी तरफ आजादी की लड़ाई में अपनी महती भूमिका निभाने वाले शहीद चंद्रशेखर आजाद और बाल गंगाधर तिलक को उनकी जन्म जयंती पर ये लोग न तो अपने बैनरों में जगह दे पाते हैं और ना ही उन्हें मंच से स्मरण करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित करना ये याद रख पाते हैं। इससे साफ लगता है की ये शहीदों के नाम पर सिर्फ दिखावे की राजनीति करते हैं। क्या यही इनका अमृत महोत्सव है।% उक्त बातें हरियाणा कांग्रेस सोशल मीडिया की स्टेट कॉर्डिनेटर सुनीता वर्मा ने प्रेस के नाम जारी विज्ञप्ति में कही। उन्होंने बीजेपी के पटौदी विधानसभा में आज हुए पन्ना प्रमुख सम्मेलन की बखिया उधेड़ते हुए कहा कि जो लोग अभी तक पन्ना प्रमुख नही बना पाए हैं वो जनता को भ्रमित करने के लिए ये सम्मेलन कर रहे हैं। महिला कांग्रेस नेत्री ने कहा की टुकड़ों में बंटी बीजेपी अपने खोखलेपन को ढकने के लिए ये आयोजन कर रही है ताकि लोग भुलावे में आकर इनसे जुड़ सकें, लेकिन जनता अब इनके धोखे में नही आने वाली। उन्होंने कहा कि लगभग 140 के आसपास बूथों वाली पटौदी विधानसभा के इस कार्यक्रम में 300 के करीब कुर्सियां लगाना ही हास्यास्पद है। क्योंकि इन्ही के मुताबिक एक पन्ना प्रमुख के नीचे करीब 10 पन्ना सदस्य तो कम से कम काम करते ही हैं, इस प्रकार इनके पन्ना सदस्य ही इस आयोजन में 1200 से 1500 होने चाहिए तथा इनके अन्य कार्यकर्ता, विभिन्न प्रकोष्ठों के संगठन पदाधिकारी तथा पार्टी अधिकारी वो अन्य, लेकिन कुर्सियां महज लगती हैं 300 जो इनकी कमजोरी और हताशा की पोल खोलती हैं।

वर्मा ने कहा कि बीजेपी अपने इन कार्यक्रमों को जहां अपनी विजय यात्रा का शुभारंभ कर रही है वास्तविकता में ये इनके समाप्त होने की शुरुआत है। सत्ता में लगातार दो पारी होने के बावजूद भी जनता को अपनी उपलब्धियां बताने के नाम पर इनकी झोली खाली है। हर मंच पर धारा 370 को समाप्त करने वाली बीजेपी ये बताने में असमर्थ है की इससे हरियाणा के बेरोजगारों और गरीबों को क्या लाभ मिला? उन्होंने कहा की चीन के हाथों अपनी सरजमीं को गंवाने वाले, राष्ट्रीय संपत्तियों की बोली लगाने वाले, पुलवामा कांड की जांच न कराने वाले, देश की जनता को नफरत, बेरोजगारी, महंगाई और भूखमरी में धकेलने वाले किस मुंह से सुरक्षा, राष्ट्रीय गौरव, विकास और गरीब कल्याण की बात कर सकते हैं।

# समाज की तरक्की के लिए एकजुटता जरूरीः विधायक सुरेंद्र

**सोनीपत।** विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि समाज की तरक्की के लिए एकजुटता जरूरी है। एकजुटता ही सफलता में अहम योगदान है। विधायक सुरेंद्र पंवार महाराजा अजमीढ रोशनी सेवा सोसाइटी, सोनीपत के तत्वावधान में काठ मंडी स्थित हिंदू स्कूल में आयोजित सुनार समाज मिलन समारोह में रविवार को बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे।

विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि पुराणों और धार्मिक ग्रंथों में महाराजा अजमीढ़ का जन्म त्रेतायुग में हुआ था। हस्तिनापुर को बसाने वाले महाराजा श्रीहस्ति महाराजा अजमीढ़ जी के दादा जी थे और महाराजा विकुंठन उनके पिता थे। राजकुमारी महारानी सुदेवा जी के गर्भ से महाराजा अजमीढ़ जी का जन्म हुआ था। खिलौने व आभूषण बनाने का बेहद शौक था, अपने इसी शौक के चलते वे अनेकों प्रकार के




आभूषण, खिलौने व बर्तन बनाकर अपने प्रियजनों को भेंट करते थे। इसी शौक को उनके वंशजों ने आगे बढाकर व्यावसाय का रूप दिया, इसके साथ ही वे स्वर्णकार के रूप में पहचान बनी। सोसाइटी द्वारा मिलन समारोह का जो कार्यक्रम रखा गया है सोसाइटी के नवनियुक्त पदाधिकारियों के साथ महाराजा अजमीढ के चरणों में विधायक पंवार ने पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। मुकेश वर्मा, सुरेश वर्मा, जितेंद्र वर्मा, रणबीर वर्मा, मनोज कुमार सेढा, राकेश कुमार आनंद सिंह वर्मा, सुरेंद्र वर्मा, बलबीर सिंह डागर, भीम सिंह वर्मा, रामनिवास वर्मा आदि उपस्थित थे।

# पेड़ पौधों की बदौलत ही है जीवन संभव : खेड़ा



**सिवानी मंडी।** खंड के गांव गढवा और खरखड़ी में भवन निर्माण मजदूर संगठन के प्रदेश सचिव संदीप खेड़ा ने अनेकों भवन निर्माण मजदूरों के सहयोग पौधा रोपण किया। मजदूरों को संबोधित करते हुये सदींप खेड़ा ने बताया की मनुष्य अपने भौतिक सुख और विज्ञानी युग में सुविधाओं को पूरा करने के लिये अंधाधुंध पेड़ पौधे काटने में जोर दे रहा है। उन्होंने कहा की आधुनिकता के युग में लगातार प्रकृति के साथ खिलवाड़ हो रहा है। आलम ये है की मनुष्य प्रजाति की करतूतों की वजह से ही आज कहीं सूखा तो कहीं बाढ आ रही है। उन्होंने मजदूरों से अपील करते हुये कहा की आधुनिकता के साथ साथ हमें प्रकृति की तरफ भी ध्यान देंने की जरूरत है। और प्रकृति को बचाने के लिये पेड़ पौधे लगाना ही एकमात्र समाधान हैं। वहीं उन्होंने कहा की पौधरोपण करने के साथ साथ उनकी देखभाल करना भी हमारी जिम्मेदारी है। इस मौके पर कर्ण सिंह घड़वा, रोहताश मोहिला, विकास, बीरसिंह, आकाश, राहुल, पवन, चमेली, बिरमती, सुमन, सावित्री,देवकी, रविंद्र, कांता, शर्मिला और सुमन आदि उपस्थित थे।

# एशियन गेम्स 18 में से 17 पहलवान हरियाणा के, पंजाब से एक

**सोनीपत।** चीन के हांगझोऊ में होने वाले एशियन गेम्स के लिए भारतीय कुश्ती टीम के ट्रायल में हरियाणा के पहलवानों ने एक बार फिर अपना दबदबा कायम रखा। महिलाओं के फ्री स्टाइल, पुरुषों के ग्रीको रोमन व फ्री स्टाइल के लिए चयनित 18 सदस्यों में से 17 पहलवान हरियाणा के हैं। एक पहलवान पंजाब का है।

22 व 23 जुलाई को दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में एशियन गेम्स के लिए आयोजित ट्रायल में हरियाणा के पहलवानों ने 17 भारवर्ग में मुकाबले जीतकर एशियन गेम्स के लिए टिकट कटवाया। ट्रायल्स में पूरी तरह से हरियाणा के पहलवान छाये रहे। महिलाओं में सभी 6 भारवर्ग में हरियाणा की छोरियों ने बाजी मारी। यह बात अलग है कि भारतीय टीम के लिए चयनित हरियाणा के कई पहलवान सेना व रेलवे के लिए खेलते हैं।

विशाल बोले- आज बजरंग को भी हरा देता, सुप्रीम कोर्ट जाऊंगा

बजरंग पूनिया के 65 किलोग्राम भारवर्ग में विशाल कालीरमन ने जीत हासिल की। उन्हें स्टैंडबाय में रखा जाएगा। विशाल ने कहा, 'मैं बस आज ट्रायल्स में जीतना चाहता था। अगर आज बजरंग भी होता तो भी मैं जीत जाता। मैंने जीतने की ठान ली थी। हम उनकी उपलब्धियों के लिए उनका सम्मान करते हैं, लेकिन वे जो कर रहे हैं, उससे जूनियर खिलाड़ियों का करियर बर्बाद हो



सकता है।' उन्होंने कहा, 'हम इसके खिलाफ लड़ेंगे, अगर हमें सुप्रीम कोर्ट जाना पड़ा तो हम जाएंगे। हम 15 साल से प्रशिक्षण ले रहे हैं। वे उसे (बजरंग) इस तरह प्रवेश नहीं दे सकते।'

**ओलंपिक मेडल विजेता रवि दहिया बाहर**

एशियन गेम्स के लिए ट्रायल में दूसरे दिन बड़ा उलटफेर हुआ। टोक्यो ओलंपिक के सिल्वर मेडलिस्ट सोनीपत निवासी रवि दहिया फ्री स्टाइल के 57 किलोग्राम भार वर्ग में महाराष्ट्र के नवोदित पहलवान आतीश से हारकर बाहर हो गये। हालांकि, अगले राउंड में आतीश हरियाणा (झज्जर) के अमन से हार गए। पहले दिन भी विश्व की नंबर-1 सरिता मोर और ओलंपियन अंशु मलिक और हरदीप सिंह को हार का सामना करना पड़ा था।

**महिला वर्ग में** – रोहतक की पूजा 50 किलोग्राम भारवर्ग, हिसार की अंतिम पंघाल 53 (स्टैंडबाय), रोहतक की मानसी 57, सोनीपत की सोनम 62, हिसार की राधिका 68 और किरन 76 किलोग्राम भारवर्ग में चुनी गई हैं।

**पुरुष वर्ग में** – ग्रीको रोमन वर्ग में सोनीपत के ज्ञानेंद्र 60 किलोग्राम भारवर्ग और नीरज 67, झज्जर के विकास 77, रोहतक के सुनील 87, सोनीपत के नवीन 130 किलोग्राम भारवर्ग में चयनित हुए हैं। इनके अलावा पंजाब के नरेंद्र चीमा का चयन 97 किलोग्राम भारवर्ग में हुआ है। फ्री स्टाइल वर्ग में झज्जर के अमन 57 किलोग्राम भारवर्ग और विशाल कालीरमन 65 (स्टैंडबाय), सोनीपत के यश 74, झज्जर के दीपक पूनिया 86, हिसार के विक्की 97 व झज्जर के सुमित 125 किलोग्राम भारवर्ग में चयनित हुए हैं। ये पहलवान एशियन गेम्स में हिस्सा लेने चीन जाएंगे।

# निजी अस्पताल में हो रही थी लिंग जांच, पीएनडीटी टीम ने मारा छापा




**हिसार।** जिले के कस्बा हांसी में जींद रोड स्थित एक निजी अस्पताल में गर्भ में लिंग जांच किए जाने की सूचना मिलने पर रविवार को स्वास्थ्य विभाग की पीएनडीटी टीम ने अस्पताल को सील कर दिया। रेड के दौरान मौका पाकर महिला चिकित्सक वहां से फरार हो गई। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने दो से तीन घंटे अस्पताल में जांच की और स्टाफ से पूछताछ की। जानकारी अनुसार टीम को सूचना मिली थी कि जींद रोड पर मुलतान कॉलोनी स्थित मनु मैमोरियल अस्पताल में अवैध रूप से गर्भ में लिंग की जांच की जाती है। शनिवार रात को पीएनडीटी टीम ने अस्पताल में रेड की थी। इसके बाद अस्पताल में मौजूद स्टाफ में हड़कंप मच गया। रेड के दौरान अस्पताल के रिकार्ड की जांच की जा रही थी कि इस दौरान अस्पताल की महिला चिकित्सक मौका पाकर वहां से फरार हो गई। पीएनडीटी टीम को जब महिला चिकित्सक के फरार होने की जानकारी मिली तो उन्होंने रिकार्ड को कब्जे में लेकर अस्पताल को सील कर दिया।

# केबिनेट मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर ने 2.25 करोड़ की लागत के साथ बनने वाले चार बहुउद्देश्यीय खेल पार्कों का नींव पत्थर रखा







**चंडीगढ़।** नौजवानों को खेल की तरफ प्रेरित करने के मकसद से पंजाब के केबिनेट मंत्री स. लालजीत सिंह भुल्लर ने रविवार आज हलका पट्टी के विभिन्न गाँवों में करीब 2 करोड़ 25 लाख की लागत से बनने वाले चार बहुउद्देश्यीय खेल पार्कों का शिलान्यास किया गया। पट्टी हलके गाँव कोट बुड्ढा में 65 लाख रुपए, सभरा में 35 लाख रुपए, परिंगड़ी में 70 लाख रुपए और गाँव रत्ता गूदा में 40 लाख रुपए की लागत से बनने वाले बहुउद्देश्यीय खेल पार्कों का नींव पत्थर रखने के दौरान लोगों को संबोधन करते हुए स. लालजीत सिंह भुल्लर ने कहा कि मुख्यमंत्री स. भगवंत मान के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा नौजवानों को खेल की तरफ प्रेरित करने के लिए पट्टी हलके के अंदर 40 और बहुउद्देश्यीय खेल पार्क बनाऐ जाएंगे, जिनमें खेल कर नौजवान पीढ़ी अपने गाँव, हल्के और राज्य का नाम रोशन करेगी। कैबिनेट मंत्री स. भुल्लर ने कहा कि पंजाब सरकार की सोच है कि अच्छे खेल मैदान बनाकर नौजवानों के तंदुरुस्त शरीर और अच्छा खेल हुनर यकीनी बनाया जाए ताकि राज्य के नौजवान अपनी ज़िंदगी में कामयाबी हासिल कर सकें। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों द्वारा पंजाब में नशों का छटा दरिया बहाया गया, जिसको ख़त्म करने के लिए हमारी सरकार विशेष के प्रयत्न कर रही है। इस मौके पर ज़िला योजना बोर्ड के चेयरमैन गुरविन्दर सिंह बहड़वाल, चेयरमैन दिलबाग सिंह, वरिन्दरजीत सिंह कालेके हीरा भुल्लर, गुरबिन्दर सिंह कालेके और गुरपिन्दर सिंह उपल आदि उपस्थित थे।

# स्वतंत्रता सेनानियों के कारण ही आज हमारे सिर पर पगड़ी और महिलाओं के सिर पर चुन्निया : रंधावा

**जीरकपुर।** विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने स्वतंत्रता सेनानी शहीद चन्द्रशेखर आजाद की जयंती के अवसर पर पंचकुला मोड़ पर राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा लगाए गए आजाद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। रंधावा ने स्वतंत्रता संग्राम को याद करते हुए कहा कि शहीद चंद्र शेखर आजाद ने अपना पूरा जीवन देशभक्ति के लिए समर्पित कर दिया और आखिरी सांस तक आजादी के लिए संघर्ष किया। उन्हीं की देन है कि आज हमारे सिर पर पगड़ी और महिलाओं के सिर पर चुन्नी है। उनकी देशभक्ति आज भी लोगों को प्रेरित करती है। उन्होंने कहा कि आज हम जिस आजादी का आनंद ले रहे हैं, उसके लिए हमारे शहीदों के बलिदान को शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता है। रंधावा ने कहा कि भारत असंख्य योद्धाओं और देशभक्तों की भूमि है जिन्होंने इसकी रक्षा के लिए अपना सब कुछ बलिदान कर दिया। अंग्रेज शासकों ने इन स्वतंत्रता




सेनानियों को अनेक शारीरिक एवं मानसिक यातनाएँ दीं, परंतु उन्होंने अपने तथा अपने परिवार से अधिक महत्वपूर्ण देश को रखा। कई देशभक्तों को अपनी युवावस्था कई वर्षों तक जेल की सलाखों में बितानी पड़ी। उन्होंने कहा कि कई लोग जवानी में हंसते-हंसते फांसी पर झूल गये। इन वीरों के अनंत बलिदानों के कारण ही हम आज स्वतंत्र भारत में रह रहे हैं। रंधावा ने कहा कि देशभक्तों के बलिदान के बावजूद हम देश को आजाद मान रहे हैं, लेकिन बीजेपी शासित राज्य मणिपुर में जो शर्मनाक घटना हुई, वह मानवता को भी शर्मसार कर रही है। इस अवसर पर उन्होंने स्वयंसेवी संस्था ह्यूमन केयर चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया और संस्था के प्रयासों की सराहना की।

## बांग्लादेश में डेंगू का कहर...2,292 रोगियों को अस्पताल में भर्ती किया गया

ढाका । बांग्लादेश में डेंगू महामारी का रूप ले चुका है। बांग्लादेश में 24 घंटों में कुल 2,292 डेंगू रोगियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया यह 2023 में एक दिन में अस्पताल में भर्ती होने की सबसे अधिक संख्या थी। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस) के अनुसार, इस अवधि के दौरान डेंगू से नौ और मौतें हुईं, जिससे संक्रमण से मरने वालों की संख्या बढ़कर 176 हो गई। नए मरीजों में से 1,064 को ढाका के अस्पतालों में और बाकी को बाहर के अस्पतालों में भर्ती कराया गया। पूरे बांग्लादेश में, राजधानी में 4,149 सहित 7,175 डेंगू मरीज अस्पतालों में इलाज करा रहे हैं। इस वर्ष अब तक डीजीएचएस ने डेंगू के 32,977 मामले और 25,626 ठीक होने के मामले दर्ज किए हैं। देश में साल 2022 में डेंगू से 281 मौतें हुईं, जो 2019 में दर्ज की गई 179 मौतों के बाद रिकॉर्ड में सबसे अधिक है। इसके अलावा, पिछले साल 62,423 डेंगू के मामले और 61,971 रिकवरी दर्ज की गई। अखबार ने बताया कि जुलाई सबसे खराब महीना रहा है, क्योंकि पिछले 21 दिनों में 109 मौतें और 20,465 पॉजिटिव मामले दर्ज किए गए। डेंगू रोग-2023 के माह-वार आंकड़ों से पता चलता है कि जनवरी में छह मौतों के साथ 566 डेंगू मरीज मिले। फरवरी में शून्य मौतों के साथ 111 मामले, मार्च में दो मौतों के साथ 143 मामले, अप्रैल में दो मौतों के साथ 50 मामले, मई में दो मौतों के साथ 1036 मामले और जून में 34 मौतों के साथ 5,956 मामले सामने आए। डीजीएचएस डेटा के अनुसार, तुलनात्मक रूप से पिछले साल डेंगू पॉजिटिव मामलों और मौत के आंकड़ों के मामले में कम गंभीर था। इस दौरान 268 मरीजों की मौत हुई थी और 62,382 मामले दर्ज किए गए थे।

## चीन में स्कूल में बने जिम की छत गिरी, 10 लोगों की मौत



बीजिंग । चीन के पूर्वोत्तर शहर क्यूकीहार में एक मीडिल स्कूल में बने जिम की अचानक छत गिरने से 10 लोगों की मौत होने की सूचना है। जिम की छत के गिरने से मलबे में दबे 14 लोगों को निकाला भी गया है। बताया जाता है कि अभी एक शख्स मलबे में दबा हुआ है। उस निकालने का काम किया जा रहा है। हादसे के वक्त जिम में कुल 19 लोग मौजूद थे, जिसमें 4 लोग भागने में सफल रहे। यह घटना हेइलोंगजियांग प्रांत के क्यूकीहार में रविवार दोपहर करीब 3 बजे की घटित हुई। स्कूल नंबर 34 में यह जिम बना हुआ था जोकि अचानक ढह गया। मलबे में एक दर्जन से अधिक लोग फंस गए थे। इसके बाद राहत व बचाव अभियान चलाया गया जिसके बाद सोमवार सुबह तक 14 लोगों को मलबे से बाहर निकाल लिया गया है जिसमें 4 लोगों को मृत हालत में निकाला गया था। वहीं, 6 गंभीर रूप से घायल थे। इन घायलों की इलाज के दौरान मौत हो गई। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि छत पर मजदूरों ने पर्लाइट (ज्वालामुखीय कांच का एक रूप) रखा था। भारी बारिश के कारण पर्लाइट ने अधिक पानी सोख लिया। इससे पेर्लाइट आकार में फैल गया और अधिक भारी हो गया। इसके चलते छत ढह गई जबकि पर्लाइट से छत बनाना चीन में अवैध है। अधिकारियों के मुताबिक इस मामले में आगे की जांच की जा रही है और बचाव प्रयास अभी भी जारी हैं। बताया जाता है कि? रेस?क?यू ऑपरेशन में करीब 160 अग्निशमन कर्मियों की टीम तैनात है।

## कनाडा में भारतीय छात्र की हत्या, पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी

टोरंटो । कनाडा में फूड डिलीवरी पार्टनर के रूप में काम करने वाले एक 24 साल के भारतीय छात्र पर कार चोरों ने जानलेवा हमला करके उसकी हत्या कर दी। खबरों के मुताबिक गुरविंदर नाथ 9 जुलाई को रात करीब 2 बजे पिज्जा डिलीवरी कर रहे थे, तभी अज्ञात संदिग्धों ने उन पर हमला कर उनकी कार को लूटने की कोशिश की। पुलिस ने कहा कि 'मामले की जांच कर रहे अफसरों का मानना है कि इसमें कई संदिग्ध शामिल हैं और खाने का ऑर्डर ड्राइवर को इस इलाके में आने के लिए लुभाने के साधन के रूप में दिया गया था। पुलि ने हमले से पहले दिए गए पिज्जा ऑर्डर की एक ऑडियो रिकॉर्डिंग हासिल की है। पुलिस ने बताया कि गुरविंदर के पहुंचने के बाद उन पर 'हिंसक हमला कर एक संदिग्ध ने उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। संदिग्धों ने गुरविंदर की कार को लूट लिया और वारदात को अंजाम देकर मौके से भाग गए। नाथ को ट्रॉमा सेंटर ले जाने से पहले कई लोग उनकी मदद के लिए आए और सहायता की गुहार लगाई। जिसके बाद नाथ को अस्पताल ले जाया गया, जहां 14 जुलाई को नाथ को मृत घोषित कर दिया गया। टोरंटो में भारत के महावाणिज्यदूत सिद्धार्थ नाथ ने कहा कि गुरविंदर नाथ की मौत एक 'दिल को दहलाने वाला नुकसान' है। उन्होंने कहा कि महावाणिज्य दूतावास ने नाथ की मौत के बाद उनके परिवार से संपर्क किया है। पुलिस ने बताया कि नाथ की कार हमले के कुछ घंटों बाद लावारिस हालत में पाई गई थी। जो अपराध की जगह से पांच किलोमीटर से भी कम दूरी पर है। पुलिस ने कार की फोरेंसिक जांच की है और 'कई' सबूत बरामद किए गए हैं। पुलिस का कहना है कि नाथ और हमलावरों के बीच किसी रंजिश की जानकारी नहीं है। गुरविंदर नाथ का पार्थिव शरीर टोरंटो में भारतीय महावाणिज्य दूतावास की मदद से 27 जुलाई को भारत लाया जाएगा। नाथ जुलाई 2021 में भारत से कनाडा पहुंचे थे और उनकी अपना खुद का व्यवसाय खोलने की योजना थी। शनिवार को मिसिसॉगा में नाथ के लिए कैंडल लाइट मार्च में 200 से अधिक लोग एकत्र हुए। इस मौके पर लोगों ने कहा कि नाथ अपने परिवार की उम्मीदें लेकर कनाडा आए थे और अब उनका परिवार अपने तीन बेटों में से एक को खोने के गम से जूझ रहा है। नाथ के एक रिश्तेदार के दोस्त बॉबी सिद्धू ने कहा कि 'आप एक सपने के साथ कनाडा आते हैं। लेकिन इन लोगों ने एक सपना चुरा लिया।

## रोबोट ने कोल्ड वेल्डिंग तकनीकी से खुद अपना उपचार किया

न्यू मैक्सिको । अमेरिका के न्यू मैक्सिको में स्थित सेंडिया नेशनल लैब के शोधकर्ताओं ने एक प्रयोग किया। इस प्रयोग में धातु के टुकड़ों को 200 वार प्रति सेकंड पर खींचा गया। इससे रोबोट में जो दरारें स्पष्ट रूप से झलकने लगी। प्रयोग के 40 मिनट बाद वह दरारें अपने आप भरने लगी। शोधकर्ताओं ने इसे कोल्ड वेल्डिंग का नाम दिया है। नेचर पत्रिका में शोध प्रकाशित हुआ है। उसके अनुसार कोल्ड वेल्डिंग मैटलर्जी की प्रक्रिया है। जिसमें धातु की दो मुलायम और साफ सतह अपने आप पास आती हैं। अपने एटामिक बांड को फिर से आपस में जोड़ लेते हैं। इस शोध से धातु यदि किसी तरह से अलग हो जाती है। तो इस पद्धति से उन्हें आपस में जोड़ा भी जा सकता है।

## युद्धविराम समझौते के तहत अमेरिकी सैनिक के मामले में उत्तर कोरिया से की बात

वाशिंगटन। अमेरिकी सैनिक को हिरासत में लेने के मामले में उत्तर कोरिया से बातचीत शुरु की है। यह बातचीत युद्धविराम समझौते के तहत स्थापित संचार माध्यम से प्रक्रिया शुरू की गई है। जनरल एंड्रयू हैरिसन ने कहा कि इस युद्धविराम समझौते के तहत 1950-53 के कोरियाई युद्ध के तहत लड़ाई रोक दी गई थी। उन्होंने कहा कि पीवीटी ट्राविस किंग की सलामती कमान की मुख्य चिंता है। वहीं संयुक्त राष्ट्र कमान के उप कमांडर ने कहा कि कमान ने हिरासत में लिए गए अमेरिकी सैनिक के मामले में उत्तर कोरिया के साथ बातचीत शुरू की है। सैनिक पिछले हफ्ते कोरियाई प्रायद्वीप की भारी सुरक्षा वाली सीमा को पार कर उत्तर कोरिया में प्रवेश कर गया था। जनरल एंड्रयू हैरिसन ने कहा कि युद्धविराम समझौते के तहत स्थापित संचार माध्यम से प्रक्रिया शुरू की गई है। इस युद्धविराम समझौते के तहत 1950-53 के कोरियाई युद्ध के तहत लड़ाई रोक दी गई थी। उन्होंने कहा कि पीवीटी ट्राविस किंग की सलामती कमान की मुख्य चिंता है।



कनाडा में भारी बारिश और बाढ़ के कारण सीएन रेल लाइन पर से बहता हुआ पानी।

## इंडोनेशिया में फिर समुद्री हादसा, 15 लोगों के मारे जाने की सूचना

जकार्ता। इंडोनेशिया में फिर समुद्री हादसे की खबर सामने आ रही है। सुलावेसी द्वीप पर एक नौका के डूबने से 15 लोगों के मारे जाने की सूचना है। इतना ही नहीं 19 लोग अभी लापता भी हैं। रेस्क्यू टीम इन सभी की तलाश जोर शोर से कर रही है। हादसे के वक ?त नौका में कुल 40 यात्री सवार थे। इसमें से 6 यात्री सही सलामत हैं। बीते अप्रैल माह में भी रियाउ प्रांत में नौका डूबने से 11 लोगों की मौत हो गई थी। राष्ट्रीय खोज और बचाव एजेंसी के मुताबिक इंडोनेशियाई अधिकारी ने बताया कि सोमवार को सुलावेसी द्वीप पर एक नौका डूबने से कम से कम 15 लोग मारे गए हैं। इसके बाद से 19 यात्री लापता भी हो गए हैं। जिनकी तलाश अलग-अलग रेस्क्यू टीमों की ओर से की जा रही है। इस नौका में कुल 40 यात्रियों के सवार होने की सूचना मिली है। इसके बाद बाद 6 यात्री भी हैं, जिनकों सकुशल बचा लिया गया है। हालांकि नौका के डूबने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। हादसा बीती आधी रात को हुआ था। खोज और बचाव एजेंसी के प्रमुख मुहम्मद अराफा ने कहा कि सभी पीड़ितों की पहचान कर ली गई है और उनके शवों को परिवार को सौंप दिया गया है, जबकि हादसे में बचे सभी 6 यात्रियों को स्थानीय अस्पतालों में भर्ती कराया गया जहां उनका इलाज चल रहा है। बता दें कि 17,000 से अधिक द्वीपों वाले इंडोनेशिया में नौकाएं परिवहन का एक प्रमुख और सामान्य साधन हैं और यहां इस तरह की दुर्घटनाएं आम हैं। इस तरह के हादसों के पीछे एक बड़ी वजह नौका परिवहन को लेकर बनाए गए सुरक्षा मानकों का लचर होना और लाइफ स्पोर्ट सिस्टम का कमजोर होना है। गौरतलब है कि अप्रैल माह में भी पश्चिमी इंडोनेशिया के रियाउ प्रांत में इंद्रगिरि हिलिर रीजेंसी के टेम्बिलाहन कस्बे में एक बंदरगाह से निकलने के करीब 3 घंटे बाद नौका डूब गई थी। नौका डूबने से 11 लोगों की मौत हो गई और 9 अन्य अब भी लापता हैं।

# एलोन मस्क हमेशा के लिए उड़ा देंगे ट्विटर की नीली चिड़िया

### Blue Bird की जगह लेगा X अक्षर

**सैन फ्रांसिस्को (एजेंसी)।** एलन मस्क अक्सर ट्विटर पर आश्चर्यजनक घोषणाएँ करते रहे हैं और इस सप्ताहांत भी कुछ अलग नहीं था। अरबपति ने घोषणा की कि ट्विटर की चिड़िया को एक्स अक्षर के साथ रिप्लेस कर दिया जाएगा। मस्क ने रविवार सुबह एक ट्वीट में लिखा, ÷और जल्द ही हम ट्विटर ब्रांड और धीरे-धीरे सभी पक्षियों को अलविदा कह देंगे।÷ मस्क ने बताया कि डोमेन ङ्ग.ष्स्रद्व उपयोगकर्ता को ट्विटर पर रीडायरेक्ट करता है। उन्होंने नए लोगो का भी संकेत दिया जो संभवतः ब्लू बर्ड की जगह लेगा।

### ट्विटर का बदला जाएगा लोगो

सोशल मीडिया मंच 'ट्विटर' अब अपने 'लोगो' के लिए प्रसिद्ध नीली चिड़िया की जगह अंग्रेजी के 'एक्स' अक्षर का इस्तेमाल करेगा। उद्योगपति एलन मस्क ने रविवार को यह जानकारी दी। मस्क ने पिछले साल 44 अरब डॉलर में ट्विटर को खरीदा था। उसके बाद उन्होंने साइट में कई बदलाव किए हैं। मस्क ने रविवार देर रात ट्वीट करके बताया कि वह लोगो में बदलाव सोमवार को



ही करना चाहते हैं।

### नीली चिड़िया की ट्विटर से होगी विदाई, एक्स अक्षर को जोड़ा जाएगा

मस्क ने लिखा, ''और जल्द ही हम ट्विटर ब्रांड और सभी चिड़ियां को अलविदा कह देंगे।'' विपणन सलाहकार कंपनी 'मेटाफोर्स' के सह-संस्थापक एलन एडम्सन ने कहा कि 'एक्स' से जुड़े मस्क के पुराने इतिहास को देखते हुए यह बदलाव आश्चर्यजनक नहीं है।

### मस्क की रॉकेट कंपनी से है एक्स का कनेक्शन

टेस्ला के अरबपति मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) मस्क ने पिछले साल अक्टूबर में ट्वीट किया था, ''ट्विटर को खरीदना सभी सेवाएं मुहैया कराने वाली 'एक्स' ऐप की दिशा में उठाया गया कदम है।'' मस्क की रॉकेट कंपनी 'स्पेस एक्सप्लोरेशन टेक्नोलॉजीज कॉर्प' को आमतौर पर 'स्पेसएक्स' के नाम से जाना जाता है। उन्होंने 1999 में 'एक्स डॉट कॉम' नामक एक स्टार्टअप की स्थापना की थी, जो एक ऑनलाइन वित्तीय सेवा कंपनी है। इसे अब पेपाल के नाम से जाना जाता है।

### एलन मस्क ने नए लोगो का संकेत दिया

एलन मस्क ने अपने प्रोफ़ाइल पर एक वीडियो पिन किया है जो संभवतः नया ट्विटर लोगो हो सकता है। एक अन्य ट्वीट में उन्होंने उसी लोगो को टेक्स्ट के रूप में पोस्ट किया। एक अन्य ट्वीट में मस्क ने लिखा कि X.com अब उपयोगकर्ता को Twitter.com पर ले जाता है और अंतरिम X लोगो जल्द ही लाइव होगा।

## मणिपुर के वीडियो कांड पर अमेरिका भी चिंतित, घटना को क्रूर और भयानक बताया

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** मणिपुर के वीडियो कांड पर अमेरिका भी चिंतित नजर आया है। उसने इस घटना को क्रूर और भयानक बताया है। मिली जानकारी के अनुसार अमेरिका ने रविवार को कहा है कि वह भारत के पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर में दो महिलाओं को निर्वस्त्र घुमाने वाले वीडियो की रिपोर्ट पर खासा चिंतित है। यह वह मामला है जिसने देश को गुस्से में डाल दिया है। अमेरिका के विदेश विभाग की तरफ से इस घटना को क्रूर और भयानक बताया गया है। विदेश विभाग ने कहा है कि अमेरिका पीड़ितों के प्रति अपनी सहानुभूति व्यक्त करता है। गौरतलब है कि मणिपुर में मई के महीने से ही हिंसा जारी है। जहां कुकी समुदाय को दिए जाने वाले आर्थिक लाभों में बदलावों की आशंका के बाद से ही मैतेई समुदाय के साथ हिंसा शुरू हो गई। जो वीडियो अब सामने आए हैं वो मई के बताए जा रहे हैं। जहां जातीय संघर्ष के दौरान 21 और 19 साल की पीड़ितों को निर्वस्त्र करके घुमाया गया था। जबकि एक महिला के साथ गैंगरेप और फिर हत?या की खबरें हैं। इस घटना ने पूरी दुनिया का ध्यान आकर्षित किया है। पिछले हफ्ते ही वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था।

हालांकि पुलिस ने मामले में कुछ गिरफ्तारियां की हैं। अमेरिकी विदेश विभाग की तरफ से कहा गया है कि अमेरिका, मणिपुर हिंसा का शांतिपूर्ण और समावेशी समाधान चाहता है। साथ ही उसने अधिकारियों से सभी समूहों, घरों और पूजा स्थलों की सुरक्षा की मांग करते हुए मानवीय जरूरतों का जवाब देने का अनुरोध किया है। इधर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले हफ्ते वीडियो सामने आने के बाद हमले की निंदा की है। उन्होंने इसे शर्मनाक बताते हुए कड़ी कार्रवाई का वादा किया। केंद्र सरकार की तरफ से 32 लाख की आबादी वाले मणिपुर में तैनाती के लिए हजारों अर्धसैनिक और सेना की टुकड़ियां भेजी। इसके बाद मामला कुछ समस्या शांत हो सका था। लेकिन इसके तुरंत बाद छिटपुट हिंसा और हत्याएं फिर से शुरू हो गईं और तब से राज्य में तनाव बना हुआ है।

## रुस का यूक्रेन पर आरोप, आवसीय क्षेत्र में कर रहा ड्रोन से हमला

**मॉस्को (एजेंसी)।** रूस ने यूक्रेन को सोमवार सुबह हुए ड्रोन हमलों के लिए जिम्मेदार ठहराया, जिसमें मॉस्को की दो इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं। रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि दो ड्रोन क्रैश हुए जिसमें कोई हताहत नहीं हुआ है। रुसी मीडिया ने बताया कि एक ड्रोन रक्षा मंत्रालय के करीब गिरा। यूक्रेनी अधिकारियों ने अभी तक कोई टिप्पणी नहीं की है। हालांकि उन्होंने कभी भी रूस के अंदर हमलों की जिम्मेदारी नहीं ली है। मॉस्को के मेयर सर्गेई सोबयानिन ने कहा कि ड्रोन हमलों ने स्थानीय समयानुसार लगभग 04ञ्00 बजे गैर-आवासीय इमारतों को निशाना बनाया। उन्होंने कहा कि इमारतों को कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ है। वहीं कुछ ड्रोन के टुकड़े रक्षा मंत्रालय की इमारतों से सिर्फ 2 किमी दूर पाए गए। रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा, मॉस्को शहर पर दो ड्रोन का इस्तेमाल करके कीव शासन की ओर से आतंकवादी हमले की कोशिश को नाकाम कर दिया गया। रिपोर्ट के अनुसार, शहर के कोम्सोमोल्स्की एवेन्यू के किनारे ड्रोन का मलबा भी पाया गया। मॉस्को के परिवहन विभाग ने लिखा कि रास्तों पर ट्रैफिक रोक दिया गया है और तस्वीरों में आपातकालीन सेवाएं घटनास्थल पर काम करती दिख रही हैं। लिकचेव एवेन्यू पर भी यातायात रोक दिया गया, जहां एक ऊंची ऑफिस बिल्डिंग क्षतिग्रस्त हो गई। मॉस्को ने यूक्रेन पर हाल के महीनों में उसके क्षेत्र पर कई ड्रोन हमलों का आरोप लगाया है। इस महीने की शुरुआत में, रूस ने कहा कि यूक्रेन ने मॉस्को पर ड्रोन हमला किया जिससे अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ानों को डायवर्ट करना पड़ा। इसके पहले रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा, रूसी सेना ने यूक्रेन के शहर ओडेसा के पास ड्रोन नौकाओं के निर्माण और तैयारी करने वाली सुविधाओं पर रात भर मिसाइल हमला किया। बयान में कहा गया, पिछली रात, रूसी सशस्त्र बलों ने लंबी दूरी की मिसाइलों के साथ उन सुविधाओं पर एक समूह हमला किया, जहां बिना चालक वाली नावों का उपयोग करके रूस के खिलाफ हमले के तैयारी की जा रही थी।

## चांद से आगे की सैर भी कराएगा चीन का चंद्रयान, होगा नासा से मुकाबला

**बीजिंग (एजेंसी)।** भारत द्वारा लांच किए गए चंद्रयान-3 मून मिशन के बाद अब चीन भी स्पेस में जाने की तैयारी कर रहा है। लेकिन चीन का मिशन चांद से आगे की सैर कराने वाला है। जानकार बताते हैं कि दुनिया में चल रही स्पेस रेस में चीन एक कदम भी पीछे नहीं रहना चाहता है। हाल ही में भारत ने अपना चंद्रयान-3 मून मिशन लॉन्च किया है। अब चीन 2027 के आसपास नए जमाने के चालक दल वाले अंतरिक्ष यान को लॉन्च करने की योजना बना रहा है। यह स्पेसक्राफ्ट अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा और उससे भी आगे ले जाने में सक्षम होगा। जानकारी के अनुसार चीन के ह्यूमन स्पेसफ्लाइट प्रोग्राम के डेप्युटी चीफ डिजाइनर यांग लिवेई ने कहा कि भविष्य में, एक नई पीढ़ी के स्पेसक्राफ्ट का इस्तेमाल हमारे स्पेस स्टेशन के निर्माण और गहरे अंतरिक्ष की खोज में किया जाएगा। यांग ने कहा कि पहली उड़ानें 2027 और 2028 के बीच होने का अनुमान है। चीन ने 2020 में स्पेसक्राफ्ट के बॉयलरप्लेट वेरिएंट का टेस्ट किया था। वापस आए कैप्सूल को प्रदर्शनी के लिए रखा गया है। नया अंतरिक्ष यान चीन की 2030 तक चंद्रमा पर एस्ट्रोनॉट्स को भेजने की योजना का हिस्सा है। स्पेसक्राफ्ट आंशिक रूप से दोबारा इस्तेमाल करने योग्य होगा और इसे लॉन्च करने के लिए एक नया रॉकेट विकसित किया जा रहा है जिसे हाल ही में लॉन्ग मार्च 10 नाम दिया गया।

गौरतलब है कि स्पेसक्राफ्ट का डीप-स्पेस वेरिएंट तीन अंतरिक्ष यात्रियों को लूनर ट्रांसफर ऑर्बिट में ले जाने में सक्षम होगा। वहीं एक लो अर्थ ऑर्बिट वेरिएंट चार से सात अंतरिक्ष यात्रियों को चीन के टिएनगॉग स्पेस स्टेशन तक ले जा सकेगा। चीन वर्तमान में अधिकतम तीन अंतरिक्ष यात्रियों को पृथ्वी की निचली कक्षा में भेजने के लिए शेनझोउ स्पेसक्राफ्ट का इस्तेमाल करता है। यांग 2003 में शेनझोउ-5 मिशन पर सवार होकर ऑर्बिट में जाने वाले देश के पहले अंतरिक्ष यात्री बने थे। शेनझोउ-16 का दल इस समय तियांगोंग स्पेस स्टेशन पर सवार है। तीनों अंतरिक्ष यात्री लगभग छह महीने के लिए 30 मई को स्टेशन पर पहुंचे थे। चीन ने चंद्रमा पर अंतरिक्ष यात्रियों को उतारने की घोषणा ऐसे समय पर की है जब अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा आर्टेमिस मिशन के तहत 2025 में एक बार फिर चंद्रमा पर इंसानों को भेजने की तैयारी में जुटी हुई है।



## अंजू के प्यार की पाकिस्तान में पड़ताल शुरू, नसरुल्ला के घर मीडिया का जमावड़ा

**पेशावर (एजेंसी)।** भारत में सीमा हैदर को लेकर जहां तफ्तीश चल रही है, वहीं पाकिस्तान की सुरक्षा एजेंसियों ने अब भारत की अंजू प्रसाद की लवस्टोरी की पड़ताल शुरू कर दी है। दरअसल 35 साल की अंजू जो भारत के उत्तर प्रदेश की रहने वाली हैं, उन्हें पाकिस्तान के नसरुल्ला से प्यार हो गया था। जानकारी के अनुसार अफगानिस्तान की सीमा पर स्थित खैबर पख्तूनख्वां की छोटी सी जगह अपर दीर के नसरुल्ला के साथ उनकी लवस्टोरी फेसबुक पर शुरू हुई थी। लेकिन अब इस फेसबुकिया लवस्टोरी की पाकिस्तान में जांच पड़ताल शुरू हो गई है। पाकिस्तान की मीडिया के मुताबिक हर बिंदु से मामले की जांच कर जाएगी। सूत्रों ने इस बात की जानकारी देते हुए बताया कि यह मामला ठीक उसी समय सामने आया है जब भारत में सीमा हैदर से पूछताछ शुरू हुई है। अंजू की तरह सीमा भी अपने प्यार की खातिर भारत आई थी। हालांकि वह गैर-कानूनी तरीके से यहां पहुंची थी। रविवार को जैसे ही अंजू के बारे में खबरें आनी शुरू हुईं नसरुल्ला के घर के बाहर स्थानीय मीडिया का हुजूम इकट्ठा हो गया। इस दौरान अंजू ने पत्रकारों से कहा कि वह नसरुल्लाह से प्यार करती है और वह उसके बिना नहीं रह सकती।

मीडिया को अंजू ने बताया कि उनकी मुलाकात फेसबुक पर हुई थी और फिर उनकी दोस्ती गहरे प्यार में बदल गई। इसके बाद उन्होंने भारत छोड़कर पाकिस्तान जाने का फैसला किया। अंजू ने ट्रैवल वीजा के लिए अप्लाई किया। वीजा मिलने के बाद वह यहां पहुंच गई। यहां एक सुरक्षा अधिकारी के मुताबिक अंजू और नसरुल्ला की दोस्ती की जांच की जा रही है। अंजू पहले से ही शादीशुदा है। अपर दीर के जिला पुलिस अधिकारी मुश्ताक खान ने पत्रकारों को बताया कि महिला उनके साथ है और वे मामले की जांच कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि महिला के पास वैध वीजा है और वह एक महीने तक रह सकती है। महिला को दोषमुक्त होने के बाद मीडिया के सामने पेश किया जाएगा।

इस मामले में एक स्थानीय पत्रकार ने कहा कि भारतीय महिला मीडिया से बच रही थी। उन्होंने कहा कि जब नसरुल्ला के आने की खबर सोशल मीडिया पर वायरल हुई तो कई पत्रकार उसके घर पहुंचे, लेकिन उन्हें बताया गया कि अंजू उनके घर पर मौजूद नहीं थी। वहीं नसरुल्लाह ने मीडिया को बताया कि अगले दो से तीन दिनों में वह और अंजू सगाई करने वाले हैं। फिर दस से बारह दिनों के बाद वह भारत वापस चली जाएगी और फिर शादी के लिए आएगी। यह मेरी और अंजू की निजी जिंदगी है। उनका कहना था कि वो दोनों मीडिया से दूर रहने की कोशिश कर रहे हैं। वह अपने देश वापस आकर अपना काम फिर से शुरू करना चाहती है।





# जरा हटके जरा बचके की सफलता के बाद सारा ने खरीदा नया ऑफिस स्पेस

**भगवान शिव की भक्त सारा ने हाल ही में अमरनाथ का दौरा किया और पवित्र गुफा मंदिर में पूजा-अर्चना की। इसके बाद सारा ने इंस्टाग्राम पर यात्रा का वीडियो भी शेयर किया। सारा फिलहाल विक्की कौशल के साथ आई मूवी जरा हटके जरा बचके की सफलता का आनंद ले रही हैं। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन किया और दर्शकों के बीच इसकी सराहना की गई।**

अब सारा अपने आने वाले प्रोजेक्ट्स में बिजी हो गई हैं। सारा अनुराग बसु की मेट्रो...इन डिनो नाम की फिल्म में नजर आएंगी। इसके अलावा वे होमी अदजानिया की फिल्म मर्डर मुबारक में काम करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। एक्ट्रेस सारा अली खान ने कुछ ही समय में फिल्म इंडस्ट्री में अपना खास स्थान बना लिया है। उनकी एक्टिंग जितनी अच्छी है उतनी ही वे अपने व्यवहार के कारण भी फैंस के दिलों में बस गई हैं। सारा कई प्रोड्यूसर-डायरेक्टर की पहली पसंद हैं। सारा ने हाल ही में मुंबई में लोटस डेवलपर्स ग्रुप के लोटस सिग्नेचर बिल्डिंग में नया ऑफिस स्पेस खरीदा है। निर्माता आनंद पंडित लोटस ग्रुप के मालिक हैं। रियल एस्टेट वेबसाइट

की कीमत 1.01 करोड़ रुपए से लेकर 1.46 करोड़ के बीच हो सकती है। इसमें रजिस्ट्री चार्ज शामिल नहीं है। यह बिल्डिंग

बिल्डिंग दिसंबर 2025 तक लोगों को हैंडओवर कर दी जाएगी। फैंस में सारा को लेकर जबरदस्त क्रेज है और जब उन्हें एक्ट्रेस के इस कदम का पता चला तो वे सोशल मीडिया पर कमेंट करने के लिए उमड़ पड़े। आईए देखते हैं यूजर्स ने क्या-क्या लिखा बढ़ती रहो सारा। तुम्हें और अधिक सफलता मिले सारा। बहुत बधाई हो आपको सारा! आप इसी तरह खूब तरक्की करती रहें। हालांकि कुछ यूजर्स ने सारा पर तंज भी कसा। एक यूजर ने लिखा कि इंटरनेशनल रोमिंग पैक का रिचार्ज रोककर बचाए पैसों से आप इस

स्ट्रीट शॉपिंग कर आपने इतने पैसे बचा लिए कि यहां अपार्टमेंट लेकर इनवेस्ट किया। गौरतलब है कि पिछले दिनों सारा को मुंबई के बांद्रा में स्ट्रीट शॉपिंग करते हुए स्पॉट किया गया था। सारा आम लोगों की तरह बाजार से सामान खरीद रही थीं।

# अनुभव सिन्हा की फिल्म में साथ आएंगे राजकुमार और वाणी




निर्माता अनुभव सिन्हा ने कई हिट फिल्में दी हैं। जिनमें आर्टिकल 15, मुल्क, थप्पड़ और भेड़ जैसी अपनी हिट फिल्में शामिल हैं। अनुभव सिन्हा अब अपने बैनर, बनारस मीडिया वर्क्स के तहत प्रोजेक्ट्स की एक नई सीरीज तैयार करना शुरू कर दिया है। फिलहाल अनुभव सिन्हा चार प्रोजेक्ट्स पर काम कर रहे हैं। हालांकि, अभी इन प्रोजेक्ट्स से जुड़ी ज्यादा जानकारी नहीं है। लेकिन इनमें से एक में राजकुमार राव और वाणी कपूर हैं। अनुभव सिन्हा बचपन का प्यार नाम से एक छोटे शहर की प्रेम कहानी का निर्माण कर रहे हैं, और इसमें राजकुमार राव और वाणी कपूर मुख्य भूमिका में होंगे। यह लखनऊ में स्थापित एक अनोखी प्रेम कहानी है और इसका निर्देशन अपूर्व धर बडगइयां करेंगे, जिन्होंने पहले जितेंद्र कुमार-स्टारर रोमांटिक कॉमेडी चमन बहार का निर्देशन किया था। राजकुमार और वाणी दोनों ने फिल्म साइन कर ली है और अगले महीने किसी समय इसकी शूटिंग शुरू करेंगे। जहां इस फिल्म के जरिए वाणी कपूर पहली बार अनुभव सिन्हा के साथ पहली बार काम करेंगे। वहीं राजकुमार राव का यह तीसरी बार होगा कि वह अनुभव सिन्हा के साथ काम कर रहे हैं। राजकुमार-वाणी की फिल्म के अलावा अनुभव सिन्हा एक और प्रेम कहानी का निर्माण कर रहे हैं, जिसका निर्देशन सुधीर मिश्रा करेंगे। दोनों फिल्म निर्माता श्रीलाल शुक्ला के राजनीतिक व्यंग्य उपन्यास, राग दरबारी और कोरोना वायरस महामारी पर एक संकलन की वेब सीरीज रूपांतरण पर भी एक साथ काम कर रहे हैं। बी पॉजिटिव नाम की इस संकलन का निर्देशन अनुभव सिन्हा, सुधीर मिश्रा, हंसल मेहता और केतन मेहता ने किया है और इस साल के अंत में ओटीटी प्लेटफॉर्म पर इसका प्रीमियर होने की उम्मीद है। इन प्रोजेक्ट्स के अलावा, सिन्हा द्वारा अक्टूबर 2023 में अपनी अगली निर्देशित फिल्म शुरू करने की भी उम्मीद है। वहीं, नेटफ्लिक्स इंडिया की बड़े पैमाने की हाईजैक ड्रामा सीरीज, आईसी 814 का फिल्मांकन कर रहे हैं, जिसमें विजय वर्मा, नसीरुद्दीन शाह और पंकज कपूर सहित अन्य कलाकार हैं।



# बचपन का प्यार लेकर आ रहे हैं अनुभव सिन्हा

निर्माता अनुभव सिन्हा ने कई हिट फिल्में दी हैं। जिनमें आर्टिकल 15, मुल्क, थप्पड़ और भेड़ जैसी अपनी हिट फिल्में शामिल हैं। अनुभव सिन्हा अब अपने बैनर, बनारस मीडिया वर्क्स के तहत प्रोजेक्ट्स की एक नई सीरीज तैयार करना शुरू कर दिया है। फिलहाल अनुभव सिन्हा चार प्रोजेक्ट्स पर काम कर रहे हैं। हालांकि, अभी इन प्रोजेक्ट्स से जुड़ी ज्यादा जानकारी नहीं है। लेकिन पिंकविला ने खुलासा किया है कि इनमें से एक में राजकुमार राव और वाणी कपूर हैं। अनुभव सिन्हा बचपन का प्यार नाम से एक छोटे शहर की प्रेम कहानी का निर्माण कर रहे हैं, और इसमें राजकुमार राव और वाणी कपूर मुख्य भूमिका में होंगे। यह लखनऊ में स्थापित एक अनोखी प्रेम कहानी है और इसका निर्देशन अपूर्व धर बडगइयां करेंगे, जिन्होंने पहले जितेंद्र कुमार-स्टारर रोमांटिक कॉमेडी चमन बहार का निर्देशन किया था। राजकुमार और वाणी दोनों ने फिल्म साइन कर ली है और अगले महीने किसी समय इसकी शूटिंग शुरू करेंगे। जहां इस फिल्म के जरिए वाणी कपूर पहली बार अनुभव सिन्हा के साथ पहली बार काम करेंगे। वहीं राजकुमार राव का यह तीसरी बार होगा कि वह अनुभव सिन्हा के साथ काम कर रहे हैं। राजकुमार-वाणी की फिल्म के अलावा अनुभव सिन्हा एक और प्रेम कहानी का निर्माण कर रहे हैं, जिसका निर्देशन सुधीर मिश्रा करेंगे।



# भाबीजी घर पर हैं फेम सौम्या टंडन ने हासिल की बड़ी उपलब्धि



राज्यपाल ने चैंपियंस ऑफ चेंज मध्य प्रदेश से किया सम्मानित

टीवी सीरियल भाबीजी घर पर हैं से घर घर अपनी खास पहचान बनाने वाली एक्ट्रेस सौम्या टंडन ने हाल ही में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उन्हें चैंपियंस ऑफ चेंज मध्य प्रदेश से सम्मानित किया गया है। मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगूभाई छगनभाई पटेल ने उनको इस अवार्ड से सम्मानित किया है। यह खुशी का पल एक्ट्रेस ने फैंस के साथ सोशल मीडिया पर शेयर किया है। सौम्या ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह ब्लू नेट शिफॉन साड़ी में राज्यपाल से पुरस्कार लेती नजर आ रहीं हैं। राज्यपाल अपने हाथों में एक्ट्रेस को चैंपियंस ऑफ चेंज मध्य प्रदेश से सम्मानित कर रहे हैं। बता दें, चैंपियंस ऑफ चेंज मध्य प्रदेश पुरस्कार उन हस्तियों को दिया जाता है जो अपने काम और उपलब्धियों से समाज पर सकारात्मक असर डालते हैं। इस पुरस्कार के लिए बाकायदा एक ज्यूरी नाम तय करती है। सौम्या टंडन का परिवार भोपाल का रहने वाला है, ऐसे में उनको इस साल इस अवार्ड के लिए चुना गया है।

# मुंबई से गोवा जा रहीं उर्फी जावेद के साथ फ्लाइट में हुई छेड़छाड़

टीवी एक्ट्रेस उर्फी जावेद हमेशा सुर्खियों में बनी रहती हैं। एक्ट्रेस आए दिन कुछ न कुछ ऐसा कर देती हैं जो उर्फी को चर्चा का विष्य बना देता है। उर्फी बेहद बॉल्ड और बेबाक एक्ट्रेस हैं। अपनी बात को लोगों के सामने खुलकर कहने की हिम्मत रखती हैं। लेकिन अब एक्ट्रेस के साथ कुछ ऐसा हो गया है जिस कारण उर्फी एक बार फिर लाइमलाइट में हैं। दरअसल उर्फी ने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर करते हुए बताया कि एक्ट्रेस फ्लाइट में इकोनॉमी क्लास में सफर कर रही थीं और तभी नशे में धुत कुछ लड़कों ने एक्ट्रेस के साथ छेड़छाड़ करनी शुरू कर दी। उर्फी का कहना है कि वो पब्लिक फिगर हैं इसका मतलब ये नहीं कि वो पब्लिक प्रॉपर्टी हैं। इस घटना के बाद एक्ट्रेस काफी गुस्से में हैं। उर्फी जावेद मुंबई एयरपोर्ट पर स्पॉट हुई थीं। एक्ट्रेस छुट्टियां बिताने गोवा जा रहीं थीं, इस दौरान फ्लाइट में उर्फी के साथ कुछ लड़कों ने उनपर कमेंट्स करने शुरू कर दिए। एक्ट्रेस ने उन लड़कों का वीडियो इंस्टाग्राम स्टेरीज पर शेयर किया।

# टीवी के बाद रतन राजपूत ने साउथ इंडस्ट्री का किया पर्दाफाश



छोटे पर्दे के चर्चित शो अगले जनम मोहे बिटिया ही कीजो से घर-घर में अपनी पहचान बनाने वालीं रतन राजपूत फिलहाल पर्दे से दूर हैं। वहीं एक्ट्रेस अब सोशल मीडिया पोस्ट्स और व्लॉग के जरिए फैंस के साथ जुड़ती नजर आती हैं। बीते दिनों रतन ने टीवी इंडस्ट्री में होने वाले कास्टिंग काउच का कच्चा-चिट्ठा खोलकर हर किसी को हैरान कर दिया था। वहीं, अब उन्होंने साउथ इंडस्ट्री का काला सच उजागर किया है। साथ ही अपने ताजा बयान को लेकर हेडलाइंस का हिस्सा बन गई हैं। रतन राजपूत ने अपने हालिया इंटरव्यू में बताया है कि लोग साउथ इंडस्ट्री को काफी आदर्शवादी समझते हैं, लेकिन वहां भी कास्टिंग काउच काफी ज्यादा प्रचलित है। रतन ने दावा किया है कि जब वह लाली की भूमिका में नजर आ रही थीं, तब उन्हें काम के लिए साउथ इंडस्ट्री से कई कॉल आए थे। हालांकि, उन कॉल पर एक्ट्रेस से कॉम्प्रोमाइज करने के लिए कहा गया था। रतन ने उन दिनों को याद करते हुए साउथ इंडस्ट्री के काले सच का पर्दाफाश करते हुए कहा, मुझे साउथ से कई फोन आते थे, कुछ बहुत अच्छे निर्देशकों से, लेकिन इसके साथ ही वे कहते थे कि रतन जी आपको थोड़ा वजन बढ़ाना होगा, आप बहुत पतली हैं। एक्ट्रेस ने साफ किया कि वह इस मांग पर सहमत हो गई थीं, लेकिन फिर उनसे कॉम्प्रोमाइज करने को कहा गया। रतन ने अपनी बात को जारी रखते हुए आगे कहा, तब उस व्यक्ति ने कहा कि आप यहां के नियमों को पहले से ही जानती हैं। मैंने उनसे इसके बारे में पूछा तो उन्होंने कहा कि आप जानती हैं कि इंडस्ट्री में डायरेक्टर, प्रोड्यूसर और एक्टर (केवल लीड) और डीओपी भी हो सकते हैं। मैंने उनसे सीधे पूछा कि इसके बारे में क्या है, और फिर उन्होंने कहा कि आप जानती हैं, यहां आपको समझौता करना होगा। रतन राजपूत ने दावा किया कि उन्होंने इस प्रस्ताव को ठुकरा दिया और कहा कि आज तक उन्हें साउथ से कोई प्रस्ताव नहीं मिला है, जहां उन्हें समझौता करने के लिए नहीं कहा गया हो। रतन ने कहा, लोग बॉलीवुड के बारे में जो बात कर रहे हैं, वही साउथ में भी होता है। टॉलीवुड अभी भी अच्छा काम कर रहा है, इसका कारण यह है कि वे अभी भी अपनी संस्कृति, रीति-रिवाजों, कपड़ों और हर चीज का सम्मान करते हैं।

# रॉनी स्क्रूवाला का बॉलीवुड पर कटाक्ष

## दर्शकों को हल्के में लेने पर भड़के प्रोड्यूसर



बॉलीवुड इंडस्ट्री को बॉक्स ऑफिस पर कठिन समय का सामना करना पड़ रहा है। जब से दुनिया में कोरोना महामारी आई, एक्टर्स और मेकर्स के लिए बॉक्स ऑफिस पर छाप छोड़ना मुश्किल हो गया। वर्ष 2021-22 के बाद, द कश्मीर फाइल्स, सूर्यवंशी, ब्रह्मास्त्र और पठान जैसी फिल्में अपना जादू चलाने में सफल रहीं, लेकिन राम सेतु, लाल सिंह चड्ढा, विक्रम वेधा और रक्षाबंधन जैसी कई बिग बजट फिल्मों ने टिकट काउंटर पर दम तोड़ दिया, और फ्लॉप की लिस्ट में शामिल हो गईं। इसी पर अब मशहूर प्रोड्यूसर रॉनी स्क्रूवाला ने अपने विचार व्यक्त करते हुए बॉलीवुड इंडस्ट्री पर कटाक्ष किया है। रॉनी स्क्रूवाला ने हालिया इंटरव्यू में बॉलीवुड पर कटाक्ष करते हुए कहा कि इंडस्ट्री अब अपना सार खो रही है, और दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींचने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। रॉनी स्क्रूवाला ने दर्शकों को हल्के में लेने के लिए अन्य बॉलीवुड फिल्म निर्माताओं को आड़े हाथों लिया। इंटरव्यू में रॉनी स्क्रूवाला से पूछा गया कि बॉलीवुड ने अपना आकर्षण क्यों खो दिया है, तो उन्होंने कहा, मैं निर्णायक नहीं बनना चाहता, लेकिन मुझे लगता है कि हमने यहां अपने दर्शकों को हल्के में लिया है, और यही समस्या है। रॉनी स्क्रूवाला ने अपनी बात में आगे जोड़ा, जब आप ऐसे लोगों के साथ होते हैं, जो आपके लिए वाक्य पूरा करते हैं, तो यह सबसे खतरनाक जगह होती है। हर बैठक में, कोई आपके लिए वाक्य पूरा कर रहा होता है, और आप बाहर जाकर कहते हैं क्या संस्कृति है। रॉनी यहीं नहीं रुके और उन्होंने आगे कहा, क्षमा करें, लेकिन विविधता कहां है? बाहर क्या हो रहा है? आप इस भाग को कैसे समझेंगे? आपको कौन चुनौती देगा? आप अपनी ही दुनिया में हैं, आप ला ला लैंड में हैं। आपको ला ला लैंड से बाहर निकलने की जरूरत है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक राजकुमार शर्मा ने वैकुंठ मीडिया प्राइवेट लिमिटेड सी -285, सेक्टर-11, विजय नगर, गाजियाबाद से छपवाकर कार्यालय 178 राहुल विहार विजय नगर,गाजियाबाद से प्रकाशित किया है। किसी खबर या लेख से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
सभी विवादों का निस्तारण जिला न्यायालय गाजियाबाद में होगा। प्रबंध संपादक-महेश कुमार - 9911733939, कानूनी सलाह- नरेंद्र सिंह रणोत एडवोकेट, सलाहकार कुशल सिंह, RNI No-UPHIN/2013/50466, Editor R.K. Sharma : 09456278011